26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

# चिंगारी

बिजनौर : बुधवार, 18 मार्च, 2026

अंक- 143 मूल्य दो रुपये पृष्ठ 20+8

## पीएनजी का नया कनेक्शन 24 घंटे के अंदर मिलेगा

### पाइपलाइन बिछाने के लिए तमाम मंजूरियों की जरूरत नहीं

**नयी दिल्ल ( एजेंसी/चिंगारी )।** पश्चिम एशिया संकट के मद्देनजर सरकार ने पाइप के माध्यम से रसोई गैस का पीएनजी कनेक्शन लेने वालों के लिए प्रोत्साहन योजना शुरू करने के साथ- साथ नये आवेदनों को 24 घंटे में मंजूरी देने का निर्णय लिया है। उपभोक्ताओं को रसोई गैस सिलेंडर आसानी से उपलब्ध कराने के लिए सरकार जमाखोरी और कालाबाजारी के खिलाफ व्यापक अभियान चला रही है । इसके तहत पिछले कुछ दिनों में देश भर में लगभग 12,000 छापे मारे गए हैं और लगभग 15,000 सिलेंडर जब्त किए गए हैं। उत्तर प्रदेश में दस लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इसके अलावा घरेलू एलपीजी का उत्पादन भी 38 प्रतिशत बढ गया है। पेट्रोलियम मंत्रालय में संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने पश्चिम एशिया के संकट से उत्पन्न स्थिति की जानकारी देने के लिए बुलाये गये संवाददाता सम्मेलन में मंगलवार को बताया कि केन्द्र सरकार वाणिज्यिक एलपीजी उपभोक्ताओं को पीएनजी में स्थानांतरित करने की कोशिश कर रही है। केन्द्र ने राज्य सरकारों को पत्र लिखकर उनसे अनुरोध किया है कि पीएनजी की नयी पाइपलाइन बिछाने के लिए सभी अनुमतियां स्वीकृति मानी जाएं और स्थानीय प्राधिकरण द्वारा लगाए जाने वाले सड़क पुनर्स्थापन और अनुमति शुल्क को माफ किया जाना चाहिए।



# योगी सरकार का तोहफा : एडेड माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षकों-कर्मचारियों की ग्रेच्युटी राशि 20 से 25 लाख हुई

लखनऊ ( चिंगारी )। उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने प्रदेश के सहायता प्राप्त अशासकीय माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षकों व कर्मचारियों को बड़ी सौगात दी है। जारी शासनादेश के अनुसार इन विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों व कर्मचारियों को अब सेवानिवृत्ति पर मिलने वाली ग्रेच्युटी राशि की अधिकतम सीमा 20 लाख रुपये से बढ़ाकर 25 लाख रुपये कर दी गयी है। 16 मार्च को जारी शासनादेश के अनुसार यह बढ़ी हुई सीमा उसी स्थिति में लागू हो सकेगी जब महंगाई भत्ता डीए मूल वेतन का 50 फीसदी हो जाएगा। ऐसा होने से अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षकों व कर्मचारियों को सेवानिवृत्ति के समय अधिक आर्थिक लाभ होगा। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2017 जारी शासनादेश के अनुसार वेतन समिति उत्तर प्रदेश 2016 की सिफारिशों को लागू कर इन विद्यालयों के शिक्षकों व कर्मचारियों के पेंशन, ग्रेच्युटी और पारिवारिक पेंशन से जुडे प्राविधानों में बदलाव किया गया था और उस समय व्यवस्था की गयी थी कि 60 साल की आयु तक सेवानिवृत्ति या ग्रेच्युटी की अधिकतम सीमा 20 लाख रुपये से अधिक नहीं होगी। माध्यमिक शिक्षक संघ पांडेय गुट के प्रवक्ता ओम प्रकाश त्रिपाठी ने मंगलवार को बताया कि यह सुविधा राज्य कर्मचारियों को पहले से थी लेकिन अब सहायता प्राप्त अशासकीय विद्यालयों के शिक्षकों और कर्मचारियों को मिलेगी। उन्होंने बताया कि इन विद्यालयों के लगभग 50 हजार शिक्षक व कर्मचारी लाभान्वित होंगे।

# बहुगुणा ने उत्तर प्रदेश के विकास को प्रदान की नई ऊंचाइयां- मुख्यमंत्री योगी

**लखनऊ ( चिंगारी )**। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मंगलवार को पूर्व मुख्यमंत्री हेमवती नंदन बहुगुणा की पुण्यतिथि पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा में शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर अपनी श्रद्धा निवेदित की। मुख्यमंत्री योगी ने स्व. हेमवती नंदन बहुगुणा को लोकप्रिय राजनेता, कुशल प्रशासक व स्वतंत्रता संग्राम सेनानी बताया। उन्होंने कहा कि बहुगुणा ने उत्तर प्रदेश के विकास को नई ऊंचाइयां प्रदान कीं। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री हेमवती नंदन बहुगुणा का जन्म तत्कालीन उत्तर प्रदेश (वर्तमान उत्तराखंड) के जनपद पौढ़ी के एक छोटे से गांव में हुआ था। उन्होंने प्रारंभिक शिक्षा गांव में ही अर्जित की। आगे की शिक्षा के लिए उन्होंने प्रयागराज की भूमि को चुना। वहीं उच्च शिक्षा ग्रहण करने के दौरान वह छात्रनेता के रूप में देश के स्वाधीनता आंदोलन से जुड़े। उन्होंने देश की स्वतंत्रता के साथ ही सामाजिक जन-जागरूकता व राष्ट्रीय चेतना को प्रखर रूप से बढ़ाने के लिए लगातार प्रयास किए। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रयागराज में 1942 में छात्रनेता के रूप में उनकी गिरफ्तारी हुई। स्वतंत्र भारत में जनप्रतिनिधि, प्रदेश सरकार के मंत्री, मुख्यमंत्री, केंद्रीय मंत्री के रूप में उन्होंने अनेक उल्लेखनीय कार्य किए।

चैत्र शुक्ल प्रतिपदा विक्रमी संवत 2083 भारतीय नववर्ष ( नव संवत्सर ) की सभी नगरवासियों, शुभचिंतकों को हार्दिक शुभकामनाएं
श्री अग्रवंश वेलफेयर सोसाइटी, धामपुर

दिनेश चंद्र अग्रवाल नवीन — संरक्षक
विपिन कुमार अग्रवाल — अध्यक्ष
संजय अग्रवाल बढ़ापुरिया — सचिव

चैत्र शुक्ल प्रतिपदा विक्रमी संवत 2083 भारतीय नववर्ष (नव संवत्सर) की सभी नगरवासियों, शुभचिंतकों को हार्दिक शुभकामनाएं

विजय कुमार — अध्यक्ष
विपिन कुमार अग्रवाल — सचिव
राजीव गोयल — कोषाध्यक्ष
महिला शिक्षा सभा धामपुर, जनपद बिजनौर


चैत्र शुक्ल प्रतिपदा विक्रमी सम्वत 2083

भारतीय नववर्ष की सभी नगरवासियों, शुभचिंतकों को हार्दिक शुभकामनाएं
विशाल अग्रवाल- 9411942550
तरू अग्रवाल- 6398687159
श्लोक अग्रवाल- 9368599172
मैसर्स- रामकुमार महावीर प्रसाद
मेन मार्केट, धामपुर
बुक सेलर एण्ड स्टेशनर्स
सीबीएसई एंड एनसीईआरटी के अधिकृत विक्रेता

भारतीय नववर्ष ( नव सम्वतसर ) विक्रमी सम्वत 2083

की सभी नागरिकों को हार्दिक शुभकामनाएं

सीए अदम्य प्रताप सिंह
सीए आदर्श कुमार सिंह
निकट ऊंची पुलिया, स्योहारा रोड, धामपुर मो. 9412839633

भारतीय जनता पार्टी जिंदाबाद! माननीय नरेंद्र मोदी जिंदाबाद!

चैत्र शुक्ल प्रतिपदा विक्रम संवत 2083 भारतीय नववर्ष ( नव संवत्सर ), चैत्र नवरात्र की सभी जनपदवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

रवि चौधरी
नवनियुक्त जिला उपाध्यक्ष
भाजपा जनपद बिजनौर
सौजन्य से- दीपक शर्मा युवा समाजसेवी, धामपुर

चैत्र शुक्ल प्रतिपदा विक्रमी सम्वत 2083 भारतीय नववर्ष की सभी नगरवासियों व शुभचिंतकों को हार्दिक शुभकामनाएं

यशवीर सिंह गीतम
नगर अध्यक्ष
महाराणा प्रताप क्षत्रिय राजपूत सभा, धामपुर
पूर्व सभासद- नगर पालिका परिषद, धामपुर
सूर्या टैन्ट हाऊस, डॉ. जाकिर हुसैन मार्ग, धामपुर

26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

# चिंगारी

बिजनौर : बुधवार, 18 मार्च, 2026

## इलेक्ट्रिक कार चार्जिंग बनी मौत का कारण

### एक चिंगारी ने ली आठ की जान

**इंदौर (एजेंसी/चिंगारी)।** इंदौर के बंगाली चौराहे के पास स्थित एक कॉलोनी में आज भोर में भीषण हादसा हो गया। एक मकान के बाहर खड़ी इलेक्ट्रिक कार में चार्जिंग के दौरान शॉर्ट सर्किट होने से आग लग गई, जिसने देखते ही देखते विकराल रूप ले लिया। इस हादसे में आठ लोगों की जलकर मौत हो गई, जबकि 3 लोग गंभीर रूप से घायल हैं।

प्रत्यक्षदर्शियों और प्रारंभिक जांच के अनुसार, पुगलिया परिवार के घर के बाहर देर रात इलेक्ट्रिक कार चार्जिंग पर लगी हुई थी। सुबह करीब 4 बजे चार्जिंग पॉइंट में शॉर्ट सर्किट हुआ, जिससे कार में आग लग गई। आग तेजी से फैलते हुए घर तक पहुंच गई और अंदर रखे गैस सिलेंडरों को अपनी चपेट में ले लिया। आग लगने के बाद घर में रखे सिलेंडरों में धमाके शुरू हो गए। बताया जा रहा है कि एक के बाद एक चार सिलेंडर फटे, जिससे पूरा इलाका दहल उठा। विस्फोट इतना तेज था कि मकान का एक हिस्सा ढह गया और अंदर सो रहे लोगों को संभलने का मौका तक नहीं मिला। घटना के समय पुगलिया परिवार के यहां एक पारिवारिक कार्यक्रम था, जिसके चलते कई रिश्तेदार भी घर पर रुके हुए थे, इसी कारण जनहानि ज्यादा हुई। अब तक आठ लोगों की मौत की पुष्टि हो चुकी है, जबकि घायलों का इलाज अस्पताल में जारी है।

# युद्ध से दुनिया भर में भुखमरी का ख़तरा

रोम (एजेंसी/चिंगारी)। संयुक्त राष्ट्र के संगठन विश्व खाद्य कार्यक्रम (डब्लूयईपी) ने कल एक गंभीर चेतावनी जारी करते हुए कहा है कि यदि पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष और अधिक बढ़ता है, तो साल 2026 में वैश्विक खाद्य असुरक्षा अपने रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच सकती है। डब्ल्यूएफपी की यहां जारी एक विज्ञप्ति में यह जानकारी दी गयी है।

संगठन के नये विश्लेषण के अनुसार, युद्ध के कारण वैश्विक अर्थव्यवस्था में अस्थिरता आने से करोड़ों लोग गंभीर भुखमरी की चपेट में आ सकते हैं। इसमें कहा गया है कि अगर यह संघर्ष साल के मध्य तक समाप्त नहीं होता और कच्चे तेल की कीमतें 100 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर बनी रहती हैं, तो लगभग 4.5 करोड़ अतिरिक्त लोग खाद्य असुरक्षा के दायरे में आ जाएंगे। वर्तमान में दुनिया भर में 31.8 करोड़ लोग पहले से ही खाद्य


फाइल

असुरक्षा का सामना कर रहे हैं। नया संकट इस संख्या को यूक्रेन युद्ध के समय देखे गए 34.9 करोड़ के रिकॉर्ड स्तर के करीब ले जा सकता है। इसमें कहा गया है कि पश्चिम एशिया हालांकि मध्य पूर्व मुख्य रूप से एनर्जी हब है न कि अनाज भंडार, लेकिन ऊर्जा की कीमतों में उछाल का सीधा असर परिवहन, खाद और खेती की लागत पर पड़ता है, जिससे खाद्य सामग्री महंगी हो जाती है।

डब्ल्यूएफपी की रिपोर्ट के अनुसार, आयात पर निर्भर रहने वाले अफ्रीका और एशिया के देशों पर इसका सबसे बुरा असर पड़ेगा। अकेले एशिया में खाद्य असुरक्षित लोगों की संख्या में 24 प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान है। जबकि पश्चिम और मध्य अफ्रीका में 21 प्रतिशत और पूर्वी और दक्षिणी अफ्रीका में 17 फीसदी की वृद्धि का पूर्वानुमान है।

उल्लेखनीय है कि हॉर्मुज जलडमरूमध्य मार्ग में जहाजों की आवाजाही के लगभग रुक जाने और लाल सागर में बढ़ते जोखिमों ने पहले ही ईंधन और उर्वरक की कीमतों को बढ़ा दिया है। सूडान जैसे देश, जो अपनी जरूरत का 80 फीसदी गेहूं आयात करते हैं, और सूखे से जूझ रहे सोमालिया जैसे देशों में बुनियादी खाद्य पदार्थों की कीमतों में 20 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी देखी गई है।

# युद्ध से हालात और बिगड़े

## ईरान ने इस्त्राइल पर बैलिस्टिक मिसाइल से किया हमला

### इस्राइली सेना ने लेबनान पर ताबड़तोड़ हमले किये

**तेल अवीव (एजेंसी/चिंगारी)।** ईरान और इजराइल-अमेरिका युद्ध से हालात और बिगड़ गये हैं। दोनों ओर से लगातार हमले किये जा रहे हैं। ईरान ने इस्त्राइल के मध्य इलाके पर बैलिस्टिक मिसाइलों से हमला किया है। इस हमले में दो लोगों की मौत हो गई है। मिसाइल का मलबा तेल अवीव के उत्तर में स्थित बेनी ब्रैक शहर में भी गिरा। यहां एक व्यक्ति को मामूली चोटें आई हैं। हमले के बाद इस्त्राइल के होम फ्रंट कमांड ने लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी है। बचाव दल उन जगहों पर पहुंच गए हैं, जहां मिसाइलें गिरी थीं। उधर, इस्त्राइली सेना ने लेबनान में हिजबुल्लाह के खिलाफ 'ऑपरेशन रोरिंग लायन' तेज कर दिया है। इस्त्राइली रायली वायुसेना ने हिजबुल्लाह के रॉकेट लॉन्चरों और उनके ठिकानों पर कई हवाई हमले किए। सेना का कहना है कि उन्होंने उन लॉन्चरों को निशाना बनाया जो इस्त्राइल पर हमला करने की तैयारी में थे। अब तक हिजबुल्लाह के सैकड़ों ठिकानों को नष्ट किया जा चुका है, ताकि इस्त्राइली नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। इस बीच, अमेरिका की डिपार्टमेंट ऑफ वॉर ने एक्स पर एक पोस्ट शेयर की, जिसमें उन्होंने लिखा, हम राष्ट्रपति ट्रंप के आदेशों को पूरी रफ्तार और सटीकता के साथ पूरा कर रहे हैं। ऑपरेशन 'एपिक फ्यूरी' ने ईरान की सेना को पूरी तरह से तबाह कर दिया है। अमेरिकी नौसेना के एडमिरल ब्रैड कूपर ने बताया कि उनकी वायुसेना और नौसेना ने अब तक 6,000 से ज्यादा उड़ानें भरी हैं। अमेरिका ने ईरानी आसमान पर अपना पूरा नियंत्रण बना लिया है। इस ऑपरेशन का मकसद ईरान की सैन्य ताकत को खत्म करना है।

## शुभकामनाएं

**चिंगारी के समस्त सुधि पाठकों, विज्ञापनदाताओं, संवाददाताओं, एजेंटों/हॉकरों, आजीवन सदस्यों, संस्थानकर्मियों सहित सभी देशवासियों को नवसंवत्सर एवं चैत्रीय नवरात्रों की हार्दिक शुभकामनाएं। आज के अंक के साथ 8 पृष्ठ का रंगीन नवसंवत्सर परिशिष्ट भी है। पाठक अपने एजेंट/हॉकर से अवश्य प्राप्त करें।**

**-संपादक**

बिना ऑप्रेशन/बिना चीर-फाड़

बवासीर PILES
भगन्दर FISTULA
फिशर FISSURE






डॉ. सुधांशु चौधरी
MS (Anorectal Surgeon)
(गुदा रोग विशेषज्ञ)

प्रत्येक बृहस्पतिवार बिजनौर में एवं प्रत्येक शुक्रवार बास्टा (चांदपुर) में मिलें

आने से पहले कॉल करें-

Mob.7302127966, 9411226422, 9871884104

SUSHRUTA COLORECTAL CENTRE

सुश्रुत कोलोरेक्टल सेंटर

पता - निकट मित्तल पेट्रोल पम्प, बैराज रोड, बिजनौर

पता - श्री साईं अस्पताल बस स्टैण्ड चौराहा बास्टा तह.-चान्दपुर, जिला-बिजनौर

## कैलाश मानसरोवर यात्रियों को मुख्यमंत्री योगी ने दी 1-1 लाख सहायता

**लखनऊ ( एजेंसी/चिंगारी )।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को लोक भवन में आयोजित कार्यक्रम में कैलाश मानसरोवर यात्रा से लौटे 555 श्रद्धालुओं को 1-1 लाख की आर्थिक सहायता प्रदान की। इस दौरान उन्होंने आस्था, संस्कृति और विकास के समन्वय को रेखांकित करते हुए कहा कि तीर्थ यात्राएं केवल धार्मिक आस्था तक सीमित नहीं हैं, बल्कि समाज और राष्ट्र को जोड़ने का सशक्त माध्यम हैं। मुख्यमंत्री ने लोकभवन में आयोजित कार्यक्रम में शिरकत करते हुए यह बातें कहीं। उन्होंने कहा कि कैलाश मानसरोवर की कठिन यात्रा पूर्ण करना श्रद्धालुओं के लिए एक अद्भुत आध्यात्मिक अनुभव होता है। उन्होंने इसे भारतीय सनातन परंपरा का जीवंत उदाहरण बताते हुए कहा कि प्राचीन काल से ही तीर्थ यात्राएं सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक एकता को मजबूत करती रही हैं।

## हर मंडल में बनेगा लेवल-1 ट्रॉमा सेंटर, डॉक्टरों को मिलेगा विशेष प्रशिक्षण- पाठक

**लखनऊ ( एजेंसी/चिंगारी )।** उत्तर प्रदेश में ट्रॉमा और इमरजेंसी चिकित्सा सेवाओं को सशक्त बनाने के लिए सरकार ने व्यापक योजना तैयार की है। उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा है कि राज्य के सभी 18 मंडलों में अत्याधुनिक लेवल-1 ट्रॉमा सेंटर स्थापित किए जाएंगे। साथ ही दुर्घटना संभावित हाईवे चिन्हित कर वहां विशेष ट्रॉमा सुविधाएं विकसित की जाएंगी। मंगलवार को किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी के अटल बिहारी वाजपेयी साइंटिफिक कन्वेंशन सेंटर में आयोजित कार्यशाला के दौरान उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने बताया कि पांच वर्ष पुराने सभी मेडिकल कॉलेजों में इमरजेंसी मेडिसिन विभाग खोला जाएगा, जिससे गंभीर मरीजों को तुरंत और बेहतर इलाज मिल सके।

## युद्ध स्तर पर काम करें, एक करोड़ लखपति दीदी बनाना लक्ष्य- केशव मौर्य

**लखनऊ, ( एजेंसी/चिंगारी )।** उत्तर प्रदेश में महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण को गति देने के लिए राज्य सरकार ने आजीविका मिशन को तेज करने के निर्देश दिए हैं। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने स्पष्ट कहा कि प्रदेश में एक करोड़ लखपति दीदी बनाना सरकार का लक्ष्य है और इसके लिए युद्ध स्तर पर काम करना होगा। मंगलवार को 7-कालिदास मार्ग स्थित कैंप कार्यालय में आयोजित उच्चस्तरीय बैठक में मौर्य ने विभिन्न संस्थाओं और अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे संसाधनों और मैनपावर का पूरी क्षमता से उपयोग करते हुए जमीनी स्तर पर परिणाम सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि कार्य केवल कागजों तक सीमित न रहे, बल्कि धरातल पर दिखना चाहिए।



# या देवी सर्वभूतेषु...कल से चैत्र नवरात्रे

## मंदिरों को सजाया

**बिजनौर/नांगल सोती (चिंगारी)।** 'नमो नमो दुर्गे सुख करनी, नमो नमो अम्बे दुःख हरनी। निरंकार है ज्योति तुम्हारी, तिहूं लोक फैली उजियारी'। कल बृहस्पतिवार से आदि शक्ति मां दुर्गा जी के नौ स्वरूपों की पूजा का पर्व चैत्रीय नवरात्र शुरू हो रहा है। इसी दिन से नवसंवत्सर (हिन्दू नववर्ष) का भी शुभारम्भ होता है। श्रद्धालु नवरात्र की तैयारियों में जोर-शोर से जुटे हुए हैं। नवरात्र के लिये माता रानी के मंदिरों को भी साफ-सुथरा कर आकर्षक ढंग से सजाया जा रहा है।

नवरात्र या नवरात्रि का सनातन धर्म में विशेष महत्व है। चैत्रीय नवरात्र के प्रथम दिवस से ही नवसंवत्सर (हिन्दू नववर्ष) का भी आगाज होता है। नवरात्रि संस्कृत का शब्द है, जिसका अर्थ है- नौ रातें। नवरात्रि में शक्ति/देवी के नौ अलग-अलग स्वरूपों- प्रथम मां शैलपुत्री, द्वितीय मां ब्रह्मचारिणी, तृतीय मां चंद्रघंटा, चतुर्थ मां कूष्माण्डा, पंचम मां स्कंदमाता, षष्ठम मां कात्यायनी, सप्तम मां कालरात्रि, अष्टम मां महागौरी तथा नवम मां सिद्धिदात्री की उपासना, पूजा की जाती है। नवरात्र का शुभारम्भ प्रतिपदा तिथि पर घटस्थापना यानी कलश स्थापना के साथ होता है। नवरात्र की घटस्थापना में देवी मां की चौकी लगाई जाती है। कलश को भगवान विष्णु का प्रतीक माना जाता है।



बिजनौर शहर में स्थित दोनों देवी मंदिरों श्री महाकालिका मंदिर व श्री मां चामुण्डा धाम में नवरात्रे पूजन की विशेष तैयारियां की गई हैं। दोनों सिद्धपीठ की सफाई व रंगाई-पुताई के बाद सप्तशती पाठ, महाआरती, देवी जागरण, भण्डारे आदि की तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। दोनों मंदिरों की ओर से नगर में शोभायात्रा भी निकाली गई। उधर, नांगल में गंगा घट्टी के तट पर स्थित प्राचीन मां महाकाली मंदिर पर नवरात्र में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ती है। नवरात्र में हमेशा फलों के दाम बढ़ जाते हैं। मगर इस बार रमजान का महीना चलने के कारण फलों के दाम पहले से ही आसमान पर हैं।

## चैत्रीय नवरात्र

### प्रथम शैलपुत्री

19 मार्च 2026, बृहस्पतिवार



शैल का अर्थ है हिमालय, पर्वतराज हिमालय के यहां जन्म लेने के कारण इन्हें शैलपुत्री कहते हैं। मां शैलपुत्री को पार्वती स्वरूप में भगवान शंकर की पत्नी के रूप में भी जाना जाता है। कलश-स्थापना के बाद मां दुर्गा के प्रथम स्वरूप शैलपुत्री का पूजन किया जाएगा। नवरात्रि के प्रथम दिन योगीजन अपनी शक्ति मूलाधार में स्थित करते हैं और योग साधना करते हैं।

## इस बार पूरे नौ दिनों के नवरात्रे

**इस बार चैत्रीय नवरात्र पर्व पूरे नौ दिनों का होगा। 19 मार्च से शुरू हो रहे चैत्रीय नवरात्र का समापन 27 मार्च को होगा। नवरात्र में सच्चे मन से माता रानी की पूजा करने वाले भक्तों के घर में सुख-शांति का वास होता है और धन की वृद्धि होती है। अटके हुए कार्य पूरे होते हैं, भय का नाश होता है, शरीर की शुद्धि होती है, तेज बढ़ता है तथा असाध्य रोगों से मुक्ति मिल सकती है। नवग्रहों की पीड़ा शांत होती है और घर के वास्तु दोष दूर होते हैं। देवी की साधना व्यक्ति को पापों से मुक्त कर ज्ञान, शांति और मोक्ष की ओर ले जाती है।**

## आज के ही दिन श्रीकृष्ण और बलराम मानव चोला त्यागकर गये थे निज धाम



प्रत्येक वर्ष देश में श्री कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व अत्यन्त धूमधाम के साथ मनाया जाता है। लेकिन इस बात की जानकारी बहुत कम लोगों को होगी कि श्रीकृष्ण अपना मानव चोला त्याग कर वापस अपने गोलोक धाम कब गये। इतना अवश्य है कि कुछ लोग यह तो जानते होंगे कि एक बहेलिया के तीर लगने से वह वापस गोलोक धाम गये, लेकिन यह उन्हें भी पता नहीं होगा कि वह गोलोक धाम कब और कहां से गये थे। आइए इस संबंध में हम आपको बताते हैं। श्री कृष्ण का गोलोक धाम गमन ईसा पूर्व 3102 चैत्र शुक्ल प्रतिपदा के दिन दोपहर 2 बजकर 27 मिनट 30 सेकेण्ड पर गुजरात प्रांत में हिरण्य नदी के पवित्र तट पर हुआ था। यह तीर्थ गोलोक धाम के नाम से प्रसिद्ध है। बताया जाता है कि आज भी हिरण्य नदी के शांत और पावन तट पर उस दिव्य लीला का दर्शन कराती भगवान श्री कृष्ण की चरण पादुका स्थापित हैं। इस स्थान पर ही श्री कृष्ण के साथ श्री बलराम ने भी अपना मूल स्वरूप (शेष नाग) धारण करने के लिए निज धाम को प्रस्थान किया था। इस स्थान के निकट ही दाऊ जी की गुफा के नाम से एक प्राचीन गुफा और शेषनाग का प्रतीक भी विराजमान है। यह स्थान सोमनाथ तीर्थ से मात्र आधा किलोमीटर दूरी पर स्थित है तथा इस स्थान पर इस आशय का आलेख पट भी लगा हुआ है। यहां के निकट ही ऐतिहासिक तीर्थ भालका स्थित है, जहां श्री कृष्ण के पैर में बहेलिया का विषाक्त वाण लगा था। श्री कृष्ण इसी स्थान से बड़े भाई बलराम के साथ हिरण्य नदी तक चलकर आये थे और यहीं पर उन्होंने अपना शरीर त्यागा था। यहीं पर एक स्मारक का निर्माण कराकर श्री कृष्ण की चरण पादुका स्थापित की गई, जिसे श्री कृष्ण ने अन्तिम बार अपने चरणों से स्पर्श किया था।

**(इन सभी स्थलों का भ्रमण करने वाले गुरु पद्मश्री स्वामी भारत भूषण द्वारा प्रदत्त जानकारी पर आधारित)**

**प्रस्तुति- हुक्का बिजनौरी**


डा. मनोज वर्मा
वर्मा मैटरनिटी एवं नर्सिंग होम
स्योहारा (बिजनौर)



# पुलिया की मांग को लेकर भाकियू बैठी धरना देकर



**बरूकी (चिंगारी)।** पानीपत-खटीमा नेशनल हाईवे स्थित बरूकी फ्लाई ओवर के नीचे सर्विस रोड पर नहर पर पुलिया निर्माण की मांग को लेकर भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) का आंदोलन तेज हो गया है। यूनियन द्वारा सड़क निर्माण कंपनी के प्लांट पर अनिश्चितकालीन धरना जारी है। बुधवार को धरना स्थल पर भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के जिला अध्यक्ष सुनील प्रधान अपने काफिले के साथ पहुंचे और कार्यकर्ताओं की समस्याएं सुनीं। इस दौरान हुई बैठक में जिला प्रशासन और हाईवे निर्माण कंपनी पर वादा खिलाफी का आरोप लगाया गया। विचार-विमर्श के बाद जिला अध्यक्ष सुनील प्रधान ने आगामी 30 मार्च को सुबह 11 बजे धरना स्थल पर बड़ी महापंचायत आयोजित करने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि दो वर्ष बीत जाने के बावजूद पुलिया निर्माण कार्य शुरू नहीं किया गया है और प्रशासन क्षेत्रीय समस्याओं को नजरअंदाज कर रहा है।

सभा की अध्यक्षता चौधरी नरपाल सिंह एवं संचालन पुखराज मलिक ने किया। इस मौके पर जिला मुख्य महासचिव मुकेश जिंघाला, ब्लॉक अध्यक्ष डॉ. विजय चौधरी, तहसील अध्यक्ष चौधरी कोमन सिंह, सोमपाल सिंह, विकास कुमार, जिला उपाध्यक्ष विनीत मौर्य, सोकेंद्र सिंह, बृजेश कुमार, संदीप त्यागी, राजीव कुमार सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# जल ही जीवन का आधार- आकांक्षा चौहान



ग्राम पंचायत मिर्जापुर ढीकली में आकांक्षा चौहान का स्वागत करते हुए।

**नूरपुर (चिंगारी)।** नूरपुर क्षेत्र की ग्राम पंचायत मिर्जापुर ढीकली में 'जल अर्पण दिवस' समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में पहुंचीं ब्लॉक प्रमुख आकांक्षा चौहान व खण्ड विकास अधिकारी डॉ. दिनेशपाल शर्मा व समाजसेवी राशु चौहान का प्रधानपुत्र आफ़ताब आलम ग्रामीणों ने फूलमालाओं से जोरदार स्वागत किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ब्लॉक प्रमुख आकांक्षा चौहान ने कहा कि नूरपुर ब्लॉक क्षेत्र की सभी ग्राम पंचायतों में तेजी से विकास कार्य कराए जा रहे हैं और आने वाले समय में भी विकास की रफ्तार को और तेज किया जाएगा। उन्होंने ग्रामीणों को जल संरक्षण के महत्व के बारे में जागरूक करते हुए कहा कि जल ही जीवन का आधार है, इसलिए हमें पानी की एक-एक बूंद बचाने के लिए सजग रहना होगा। कार्यक्रम में ग्राम प्रधान पुत्र व समाजसेवी आफताब आलम ने भी अपने विचार रखते हुए जल निगम के अधिकारियों से क्षेत्र में लंबे समय से रुके हुए विकास कार्यों को जल्द पूरा कराने की मांग की, ताकि ग्रामीणों को किसी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े। कार्यक्रम के अंत में ब्लॉक प्रमुख आकांक्षा चौहान व खंड विकास अधिकारी डॉ. दिनेशपाल शर्मा ने पानी की टंकी के पास पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण और जल बचाने का संदेश दिया।

# जज सुमित चौधरी का स्वागत किया

**चांदपुर (चिंगारी)। नगर के वरिष्ठ चिकित्सक डा. मोहित चौधरी व डा. उदित चौधरी के साले सोनीपत हरियाणा में जज सुमित चौधरी का चांदपुर आने पर परिजनों व अन्य लोगों द्वारा स्वागत सम्मान किया गया। यहां नूरपुर रोड स्थित जीवन ज्योति नर्सिंग होम पर परिजनों व अन्य लोगों ने जज सुमित चौधरी को माला पहनाकर स्वागत सम्मान कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर डा. मोहित चौधरी, शिवसेना जिला प्रमुख चौ. वीर सिंह सहित अन्य लोग मौजूद रहे।**



# लोकसभा ने आठ सदस्यों का निलंबन तत्काल प्रभाव से समाप्त किया

**नयी दिल्ली (एजेंसी/चिंगारी)।** लोकसभा ने आठ सदस्यों का निलंबन वापस लेने के प्रस्ताव को मंगलवार को ध्वनिमत से पारित कर दिया, जिससे उनका निलंबन तत्काल प्रभाव से समाप्त हो गया। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि ध्यानाकर्षण सूचना 374 के खंड दो के तहत वह आठ सदस्यों के निलंबन को वापस लेने का प्रस्ताव रखते हैं। उन्होंने कहा कि निलंबित सदस्यों का निलंबन वापस लिया जाये। इसके बाद प्रस्ताव को सदन ने ध्वनिमत से पारित कर दिया।

# नामित सभासदों का स्वागत किया

**चांदपुर (चिंगारी)।** शासन की ओर से नगर पालिका परिषद चांदपुर में पांच सदस्य नामित किए गए, उनके मनोनयन से उनके समर्थकों में हर्ष व्याप्त हो गया। नामित सदस्यों का जगह-जगह फूल मालाओं से भव्य स्वागत सम्मान किया गया। शासन की ओर से नामित किए गए सदस्यों में सुधीर अग्रवाल, शैलेन्द्र कुमार, बाबूराम जोशी, जगदीश गिरि, श्रीमती संगीता सैनी हैं। समर्थकों ने एक-दूसरे का मुंह मीठा कराकर खुशी मनाई।

# गुलदार ने निराश्रित गौवंश को मार डाला

## ग्राम फलोदी में गुलदार की मौजूदगी से ग्रामीणों में दहशत

**नहटौर (चिंगारी)।** ग्राम फलोदी में गुलदार ने एक निराश्रित गौवंश को मार डाला। गुलदार की मौजूदगी से ग्रामीणों में दहशत व्याप्त है। आज प्रातः पैजनिया रोड पर स्थित ग्राम फलोदी में मंदिर के पास गांव निवासी चाहल सिंह के खेत पर निराश्रित गौवंश का शव मिला। किसानों का कहना है कि उक्त गौवंश को गुलदार ने मार डाला। गुलदार के पदचिन्ह मिलने से ग्रामीणों में दहशत है। ग्रामीणों ने मामले की सूचना वन विभाग को देते हुए गुलदार पकड़ने की मांग की है।


ATHER अब आपके शहर बिजनौर में ATHER

इंडिया का नं. 1 फैमिली स्कूटर (RIZTA)
आकर्षक छूट व कम ब्याज दर पर उपलब्ध है।




एथर इलैक्ट्रिक स्कूटर का शोरूम अब धामपुर में खुलने जा रहा है
आवश्यकता है-
मैनेजर, सेल्समैन, मैकेनिक
मो. 9119766026

25 हजार तक की डिस्काउंट
*नियम व शर्तें लागू

आवश्यकता है
*वर्कशॉप सुपरवाइजर
*मैकेनिक

Dhruvika Motors

Ankur Heights Opp- IOC Petrol Pump Near Axis Bank, Kiratpur Road Bijnor 246701 Ph- 9240083911

# आने वाला कल आसपा का- रविन्द्र भाटी

## जनता परिवर्तन चाहती है- गौहर इक़बाल



आजाद समाज पार्टी की समीक्षा बैठक में उपस्थित नेता।

**नूरपुर (चिंगारी)।** मंगलवार को बिजनौर रोड स्थित भारत बैंकट हॉल में आजाद समाज पार्टी की मंडलीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे पश्चिम उत्तर प्रदेश के प्रभारी रविन्द्र भाटी व पश्चिम के जोन प्रभारी गौहर इकबाल का आजाद समाज पार्टी के कार्यकर्ताओं ने फूलमालाओं से जोरदार स्वागत किया। बैठक को सम्बोधित करते हुए प्रभारी रविन्द्र भाटी ने कार्यकर्ताओं से कहा है कि पार्टी का हर एक पदाधिकारी कार्यकर्ताओं का सम्मान करे। कार्यकर्ता ही पार्टी की रीढ़ होता है। उन्होंने कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए कहा है कि आने वाला कल आजाद पार्टी का ही होगा।

बैठक में बोलते जोन प्रभारी गौहर इकबाल ने पार्टी के पदाधिकारियों से बूथ कमटी को मजबूत करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत बनाने के लिए एक-दूसरे का सहयोग करें। प्रदेश की जनता भाजपा सरकार की नीतियों व हिन्दू-मुस्लिम राजनीति से तंग आ चुकी है, अब जनता प्रदेश में परिवर्तन करना चाहती है। भाजपा सरकार दलित, मुसलमानों के साथ बदले की भावना से काम कर रही है। आने वाले विधानसभा चुनाव में आजाद समाज पार्टी का परचम लहराएगा। बैठक में जिलाध्यक्ष सतेन्द्र कुमार, डीपी सिंह, पुष्पेंद्र राणा, रमेश कुमार, आरिफ मलिक, मौलाना अतीक अहमद, चेयरमैन खुर्शीद मंसूरी, पूर्व चेयरमैन शहजाद अहमद, देवेंद्र वैसला, दीपक कुमार, डॉ. शीशपाल सिंह, काजी इदरीस अहमद, जिला पंचायत सदस्य अनवर हुसैन, पुष्पेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे। बैठक की अध्यक्षता डीपी सिंह व संचालन जिलाध्यक्ष सतेन्द्र कुमार ने किया।

सभी क्षेत्रवासियों को मुकद्दस रमज़ान की दिली मुबारकबाद



ठाकुर मूलचंद चौहान
पूर्व राज्यमंत्री
(उत्तर प्रदेश सरकार)
समाजवादी पार्टी 20 विधानसभा क्षेत्र, धामपुर

अटठाइसवां रोजा : बुधवार, 18 मार्च 2026
इफ्तार सुन्नी- 6:30, शिया 6:39
उन्नीसवां रोजा : बृहस्पतिवार, 19 मार्च 2026
खत्म सहरी : सुन्नी- 4:59, शिया-4:52

## 35 पव्वों के साथ दो गिरफ़्तार

**नांगल सोती (चिंगारी)।** थानाध्यक्ष अमर सिंह राठौर ने बताया कि चैकिंग के दौरान हरचंदपुर-तिसोतरा मार्ग से आशाराम पुत्र फूल सिंह निवासी ग्राम गौसपुर को प्लास्टिक के कट्टे में रखे देशी शराब के 17 पव्वों के साथ गिरफ्तार किया गया। इसके अलावा तेजपाल पुत्र शीशराम निवासी ग्राम गौसपुर को इसी मार्ग पर पड़ने वाले महमसापुर तिराहे से प्लास्टिक के कट्टे में रखे 18 पव्वों के साथ गिरफ्तार किया गया। दोनों के विरुद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 60 (1) के अंतर्गत अलग-अलग मुकदमा पंजीकृत किया गया है।

DHARA MOTOR FINANCE LTD.
Dhara Complex Civil Line Bijnor (UP) Estd. 1990
We are Hiring
Senior Manager
Regional Managers/Area Heads
Expert in credit, recovery and operations (in any)
having at least 5 yeas experience in NBFC
Send your resume to :manager.hr@dharamotor.com
8433405694
CORPORATE OFFICE : K-814, Noratan Building, Mata Chowk Vasant Kunj New Delhi.

## नगर पालिका ने 20 से अधिक कुत्ते पकड़े

**नहटौर (चिंगारी)।** आवारा और खूंखार कुत्तों से निजात दिलाने के लिये पालिका प्रशासन की ओर से धरपकड़ अभियान चलाया, जिसमें 20 कुत्तों को पकड़कर सुरक्षित स्थानों पर भिजवाया। मंगलवार को नहटौर पालिका की टीम ने नगर के मुख्य रूप से वार्ड नंबर 3 और 5 में 'आनंद चैरिटेबल ट्रस्ट' के सदस्यों के साथ मिलकर आवारा खूंखार कुत्तों की धरपकड़ अभियान चलाते हुए घंटों की मशक्कत के बाद फुर्ती दिखाते हुए एक के बाद एक करीब 20 खूंखार कुत्तों को पकड़ा। स्थानीय निवासियों ने नगर पालिका के इस अभियान की सराहना की है। अधिशासी अधिकारी ओम गिरि ने बताया कि नगरवासियों, विशेषकर बच्चों और बुजुर्गों की सुरक्षा हमारी प्राथमिकता है। आवारा कुत्तों की वजह से पैदा हुए डर को खत्म करने के लिए यह अभियान शुरू किया गया है और आने वाले दिनों में भी यह कार्रवाई जारी रहेगी।

## नामित सदस्यों को शपथ दिलाई





नामित सदस्य रणवीर सिंह का स्वागत करते चेयरमैन डॉ. एमपी सिंह।

**नूरपुर (चिंगारी)।** मंगलवार को नगर पालिका परिषद के शहीद भगतसिंह सभागार में शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शासन से नामित होकर आये पांच सभासदों मुकेश भुईयार पुत्र बलबीर सिंह निवासी मोहल्ला रामनगर, गुरनाम सिंह पुत्र श्री संतोष सिंह, रेनू चौहान पत्नी श्री अतुल चौहान निवासी मोहल्ला शहीदनगर, राजीव जोशी पुत्र जगदीश कुमार निवासी मोहल्ला रामनगर व रणवीर सिंह पुत्र इकबाल सिंह निवासी मोहल्ला चौधरियान को नगर पालिका चेयरमैन डॉ. महेन्द्र प्रताप सिंह ने पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण समारोह में निकाय बोर्ड के सभासदगण, सम्भ्रान्त नागरिक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन अधिशासी अधिकारी संतोष कुमार मिश्र ने किया।

## घरेलू कलह से तंग आकर युवती ने जान दी फांसी लगाकर

**मंडावर (चिंगारी)।** मंडावर क्षेत्र के एक गांव में सोमवार की देर शाम एक युवती ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने युवती के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं मौत का कारण गृह कलेश बताया जा रहा है। थाना क्षेत्र के गांव चाहड़वाला निवासी छत्रपाल की पुत्री 18 वर्षीया आरती उर्फ आरजू सोमवार की सुबह अपने परिजनों के साथ गंगा के उस पार गन्ना छीलने के लिए गई थी। शाम करीब 5 बजे उसका भाई उसे रोटी बनाने के लिए घर छोड़कर फिर जंगल चला गया था। देर रात आरती ने अपने कमरे का दरवाजा बंद कर कमरे में लगे लोहे की कुंडी में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घर के बाहर खेल रही उसकी छोटी बहन ने बहुत देर तक दरवाजा नहीं खुलने पर शोर मचाया। शोर सुनकर गांव के लोग इकट्ठा हो गए और उन्होंने बामुश्किल दरवाजा तोड़ा तो देखा कि वह फांसी के फंदे पर लटकी हुई थी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थानाध्यक्ष सुमित राठी ने बताया कि अभी तहरीर नहीं मिली है, सूचना पर पुलिस पहुंची थी। युवती द्वारा फांसी लगाने का कारण गृह कलेश माना जा रहा है।

## अदालत में पेश नहीं हो रहा था वादी पुलिस ने नोटिस चस्पां कर मुनादी करा दी

**नहटौर (चिंगारी)।** स्थानीय पुलिस ने अदालत के आदेशों की बार-बार अनदेखी करने पर एक घर पर धारा 82 के तहत उदघोषणा का नोटिस चस्पां करते हुए ढोल से सार्वजनिक रूप से मुनादी करा दी।

जानकारी के अनुसार नगर के मौहल्ला निवासी एक किशोर ने पूर्व में पॉक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कराया था। न्यायालय में मामले की सुनवाई चल रही है, लेकिन मुकदमे का वादी ही बार-बार बुलाए जाने के बावजूद अदालत में पेश नहीं हो रहा था। अदालत ने वादी को अपनी गवाही और साक्ष्य प्रस्तुत करने के लिए कई बार समन और नोटिस जारी किए, लेकिन उसकी ओर से लगातार अदालती आदेशों की अवहेलना की गई। मंगलवार की शाम कस्बा इंचार्ज अशोक मलिक के नेतृत्व में पुलिस ने वादी के मौहल्ले में पहुंचकर ढोल बजवाकर सार्वजनिक रूप से मुनादी कराते हुए अदालत में पेश होने का अल्टीमेटम देते हुए वादी के घर के मुख्य द्वार पर धारा 82 का नोटिस चस्पां किया। कस्बा इंचार्ज अशोक मलिक ने बताया कि न्यायालय के आदेश पर यह कार्रवाई की गई है। यदि निर्धारित समय सीमा के भीतर संबंधित व्यक्ति अदालत में उपस्थित नहीं होता है, तो कानूनी प्रावधानों के अनुसार धारा 83 के तहत उसकी संपत्ति की कुर्की की प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

# कुरआन मुकम्मल होने पर नूरानी महफ़िल आयोजित की

**कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )।** कल शाम रेहड़ की जामा मस्जिद में नमाज-ए-तरावीह के दौरान कुरआन मुकम्मल हुआ। इस मौके पर कुरआन सुनाने वाले हाफिज मौ. इमरान और कुरआन सुनने वाले जामा मस्जिद रेहड़ के इमाम-ओ-खतीब मौलाना शहबाज आलम कासमी को मस्जिद कमेटी व कई नमाजियों ने ऐजाज-ओ-इनामात से नवाजा। इस बाबरकत मौके पर नूरानी महफिल का इनअकाद किया गया, जिसे खिताब करते हुए रेहड़ निवासी मौलाना मौ. रिहान कासमी ने माहे रमजान की बरकतों का जिक्र करते हुए कहा कि यह बाबरकत महीना जा रहा है, बदनसीब हैं वो लोग जो इस मुकद्दस महीने में भी अल्लाह की रहमतों से महरूम रहे। उन्होंने कहा कि अभी भी वक्त है, आइंदा गुनाह न करने की नीयत करते हुए अल्लाह से अपने गुनाहों की तौबा कर लो, वह बड़ा गफूरुर्रहीम है, माफ कर देगा। इस मौके पर बस्ती के तमाम लोग मौजूद रहे।



जामा मस्जिद रेहड़ में नूरानी महफिल को खिताब करते मौलाना रिहान।

## बचपन से ही नाबीना हैं हाफ़िज़ इमरान



**कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )। रेहड़ जामा मस्जिद में नमाज-ए-तरावीह के दौरान कुरआन सुनाने वाले रेहड़ के मोहल्ला बासफोड़ान निवासी फरीद अहमद ( मिर्च मसाले वाले ) के 17 वर्षीय पुत्र हाफिज मौ. इमरान बचपन से ही नाबीना ( नेत्रहीन ) हैं। इस बदकिस्मती के बावजूद भी वह खुद को इसलिए बहुत ही खुशकिस्मत मानते हैं कि उन्होंने 15 साल की उम्र में कारी खलील अहमद की जेर-ए-निगरानी में रेहड़ की मक्की मस्जिद वाले मदरसे में कुरआन हिफ्ज कर लिया था। इस बार उनकी यह दूसरी महराब थी, जिसमें उन्होंने बहुत ही खूबसूरत अंदाज में कुरआन सुनाया है।**




सभी क्षेत्रवासियों को **मुकद्दस रमज़ान** की दिली मुबारकबाद

**विवेक सेन**



सदस्य जिला पंचायत, जिला योजना समिति, बिजनौर
मुरादाबाद मण्डल महासचिव आजाद समाज पार्टी कांशीराम
संस्थापक सदस्य- आजाद समाज पार्टी कांशीराम
संभावित प्रत्याशी धामपुर विधानसभा- 20

अटठाइसवां रोजा : बुधवार, 18 मार्च 2026
इफ्तार सुन्नी- 6:30, शिया 6:39
उन्नीतसवां रोजा : बृहस्पतिवार, 19 मार्च 2026
खत्म सहरी : सुन्नी- 4:59, शिया-4:52


# सुनार से थैला लूटने का पर्दाफाश, पुलिस ने पकड़े चार बदमाश

**कोतवाली देहात ( चिंगारी )।** पांच दिन पूर्व कोतवाली देहात में अमीनुद्दीन सुनार के साथ हुई लूट की घटना का खुलासा करते हुए पुलिस ने चार बदमाशों को तीन तमंचों व दो मोटरसाइकिलों और तीन मोबाइल के साथ गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में जेल भेज दिया।

कोतवाली देहात में सुनार की दुकान चलाने वाले मंगोलपुर निवासी अमीनुद्दीन प्रतिदिन की तरह शाम 5:00 बजे अपनी दुकान बंद कर अपने पुत्र के साथ बाइक पर घर जा रहे थे ।

जैसे ही वह कोतवाली-राजोपुर मार्ग पर गांव सराय के निकट नहर पर पहुंचे पीछे से आ रहे पांच बदमाश सुनार पर सोना व रुपए होने के चक्कर में तमंचे से भयभीत कर थैला छीनकर फरार हो गये। लेकिन थैले में केवल दुकान की चाबी व कुछ जरूरी कागजात ही थे, जिसको उन्होंने दूर झाड़ियों में फेंक दिया था। पुलिस ने बदमाशों की चुनौती को स्वीकार करते हुए त्वरित कार्रवाई करते हुए घटना का खुलासा करते हुए सर्विलांस टीम के सहयोग से चार बदमाशों आसिफ पुत्र फखरुद्दीन निवासी कंभोर थाना कोतवाली शहर, जावेद पुत्र अंसार निवासी ग्राम पाडला, थाना चांदपुर, महफूज पुत्र यामीन ग्राम फूलसंदा, थाना नहटौर, प्रदुमन उर्फ गोलू पुत्र छत्रपाल निवासी झलरी, थाना बिजनौर शहर को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में बदमाशों ने बताया कि उन्होंने पहले सुनार की रेकी की थी तथा हमें उम्मीद थी कि सुनार थैले में सोने के आभूषण व पैसे लेकर जाता है, लेकिन उसमें दुकान की चाबी व कुछ कागजात ही निकले , जिसको हमने जंगल में झाड़ियों में फेंक दिया था। पुलिस ने बताया कि उक्त बदमाश किसी अन्य घटना को अंजाम देने के लिए 16 मार्च की रात्रि को ग्राम लल्लावाला-चंद्पुरा मार्ग पर गौशाला के निकट जंगल में एकत्र हुए थे। मुखबिर की सूचना पर पुलिस के हत्थे चढ़ गए। पूछताछ में बदमाशों ने पुलिस को गत 12 मार्च को अमीनुद्दीन सुनार के साथ हुई घटना का भी खुलासा किया।

# आंगनबाड़ी केन्द्र से एलईडी चुराने वाला गिरफ़्तार

**किरतपुर ( चिंगारी )।** पुलिस ने बाल कल्याण विभाग के आंगनबाड़ी केन्द्र भरैका से चोरी हुई एलजी एलईडी के साथ एक अभियुक्त मोनू पुत्र जालिम को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने पूछताछ में स्वीकार किया कि उसने अपने साथी अंकित पुत्र सतीश के साथ मिलकर छह दिन पहले आंगनबाड़ी केन्द्र से यह एलईडी चोरी की थी। अंकित अभी भी फरार है।



पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक 15 मार्च को एक महिला ने थाना किरतपुर में तहरीर दी थी कि अज्ञात व्यक्ति द्वारा आंगनबाड़ी केंद्र भरैका से एलईडी चोरी कर ली गई है। मामले की त्वरित छानबीन हेतु पुलिस टीम का गठन किया गया। पुलिस ने कल आरोपी मोनू को चोरी की एलईडी सहित गिरफ्तार किया। आरोपी मोनू का पहले भी आपराधिक रिकॉर्ड है। थानाध्यक्ष पुष्पेन्द्र चौधरी ने बताया अभियुक्त मोनू को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया और फरार अंकित की तलाश शुरू कर दी।

## पश्चिम एशिया पर थोपी जंग, अब क्यों चुप हैं सनकी ट्रंप

**बिजनौर( चिंगारी )।** सामाजिक चिंतक काज़ी ज़ियाउर्रहमान ने अमेरिका-इजराइल द्वारा ईरान पर हमला करके पश्चिम एशिया पर थोपी गई जंग पर चिंता व्यक्त करते हुए इसे डोनाल्ड ट्रंप की सनक बताया। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिन्दूर में सीज़फायर करने के झंडे गाड़ने और बार-बार भारतीय विमानों के गिरने की गिनती बताने वाले, भारतीय नागरिकों को हथकड़ी/बेड़ी लगाकर हमारे देश को अपमानित करने वाले ट्रंप से कोई पूछे कि अब सीज़फायर क्यों नहीं हो रहा और कितने जहाज और कितने सैन्य बेस उड़े। अमेरिका ने भारत का उपहास उड़ाया था, आज ये दिन वो खुद देख रहा है। जंग का नतीज़ा कुछ भी हो, मानवता के लिए बहुत बड़ा खतरा उत्पन्न हो गया है।

# जिन्होंने रोशन किया नाम, उन बच्चों को मिले इनाम

**अफ़ज़लगढ़ ( चिंगारी )।** मोहल्ला मुमताज़ हुसैन स्थित एम.आई. चिल्ड्रन एकेडमी में आज पुरस्कार वितरण कार्यक्रम बड़े अच्छे और खुशी भरे माहौल में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में स्कूल के होनहार बच्चों को उनकी पढ़ाई में बेहतर प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया।

इस मौके पर उन सभी बच्चों को पुरस्कार दिए गए, जिन्होंने अपनी कक्षा में पहला, दूसरा और तीसरा स्थान हासिल किया। बच्चों को ट्रॉफी और सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। इनाम पाकर बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मास्टर मुगीस साहब (डायरेक्टर, एडवांस्ड कोचिंग इंस्टीट्यूट) और हाजी इदरीस उस्मानी साहब मौजूद रहे। उन्होंने अपने संबोधन में बच्चों की मेहनत की सराहना की और कहा कि लगातार मेहनत और लगन से ही सफलता मिलती है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में अभिभावक भी मौजूद रहे। अपने बच्चों को सम्मानित होते देख सभी माता-पिता काफी खुश नजर आए। अंत में स्कूल के मैनेजर मौलाना गुफरान कासमी, प्रिंसिपल मास्टर गुलजार साहब, हेड टीचर अनम दिलशाद और सभी स्टाफ ने कार्यक्रम में आए सभी मेहमानों और अभिभावकों का दिल से धन्यवाद किया।



बच्चों को उनकी मेहनत पर शील्ड और सर्टिफिकेट देते हुए मेहमान और टीचर्स।

# सील तोड़कर चालू की आरा मशीन, लेखपाल निलंबित

## आरोपियों के खिलाफ़ मुकदमा दर्ज करने के निर्देश

**बिजनौर (चिंगारी)।** जानी चौराहा क्षेत्र में सील तोड़कर आरा मशीन के पुन: संचालन के मामले में जिला प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए संबंधित क्षेत्र के लेखपाल रजत चौधरी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। साथ ही प्रकरण में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करने के निर्देश भी दिए गए हैं। इस कार्रवाई से राजकीय भूमि पर अवैध गतिविधियों में लिप्त लोगों में हड़कंप मच गया है।

जिलाधिकारी श्रीमती जसजीत कौर ने बताया कि शासकीय आदेशों की अवहेलना एवं राजकीय भूमि पर अवैध गतिविधियों की शिकायत मिलने पर प्रशासन ने मामले का गंभीरता से संज्ञान लिया। जांच में पाया गया कि 15 नवम्बर 2025 को जानी चौराहा स्थित 'दिलावर एंड सन्स' नामक आरा मशीन को राजस्व एवं वन विभाग की संयुक्त टीम द्वारा पुलिस बल की मौजूदगी में विधिवत सील किया गया था।

इसके बावजूद संबंधित व्यक्तियों ने बिना सक्षम प्राधिकारी की अनुमति के सील को क्षतिग्रस्त कर मशीन का पुन: संचालन शुरू कर दिया, जो कि शासकीय आदेशों की खुली अवहेलना है। मामले में कर्तव्यों के निर्वहन में घोर लापरवाही और उच्चाधिकारियों को समय से सूचना उपलब्ध न कराने के आरोप में क्षेत्रीय लेखपाल रजत चौधरी को उत्तर प्रदेश सरकारी सेवक (आचरण) नियमावली के तहत निलंबित कर दिया गया है। प्रकरण की विभागीय जांच के लिए तहसीलदार बिजनौर को जांच अधिकारी नामित किया गया है, जबकि संबंधित कानूनगो और नायब तहसीलदार को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।



इसी मामले में अवैध कृत्य में संलिप्त पाए गए जावेद अहमद, इफ्तेखार हुसैन, मकसूद अहमद, इमरान अहमद एवं वकार निवासी मोहल्ला चाहशीरीं, बी-24, बिजनौर के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में प्राथमिकी दर्ज करने हेतु थाना कोतवाली शहर को निर्देशित किया गया है।

## हनीफ को नोटिस जारी किया

**हनीफ पुत्र शफीक अहमद निवासी मोहल्ला कस्साबान, बिजनौर द्वारा गाटा संख्या 3509, जो राजस्व अभिलेखों में कब्रिस्तान भूमि के रूप में दर्ज है, पर निर्मित दुकानों के संबंध में तहसीलदार न्यायालय द्वारा राजस्व संहिता की धारा 67 के अंतर्गत नोटिस जारी किया गया है। इस मामले की सुनवाई न्यायिक प्रक्रिया के तहत प्रचलित है। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि राजकीय भूमि पर अतिक्रमण, अवैध संचालन अथवा शासकीय आदेशों की अवहेलना किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। ऐसे मामलों में संलिप्त व्यक्तियों एवं लापरवाही बरतने वाले कर्मचारियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।**

# एनसीआरपी शिकायतों के त्वरित निस्तारण व सक्रिय पुलिसिंग पर जोर

**बिजनौर (चिंगारी)।** पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा ने जनपद के समस्त राजपत्रित अधिकारियों तथा थाना एवं शाखा प्रभारियों के साथ की गई मासिक अपराध गोष्ठी में जिले की कानून-व्यवस्था की स्थिति की विस्तृत समीक्षा करते हुए अपराध नियंत्रण के लिए प्रभावी रणनीति अपनाने के निर्देश दिये।

गोष्ठी के दौरान आगामी त्योहारों के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था, शांति एवं सौहार्द बनाए रखने के लिए आवश्यक तैयारियों पर विशेष चर्चा की गई। पुलिस अधीक्षक ने संवेदनशील क्षेत्रों में अतिरिक्त सतर्कता बरतने तथा किसी भी अप्रिय घटना की रोकथाम के लिए समय रहते ठोस कदम उठाने के निर्देश दिए।



बैठक में एनसीआरपी पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के त्वरित, निष्पक्ष एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण पर जोर दिया गया। साथ ही 'यक्ष ऐप' के प्रभावी उपयोग के संबंध में अधिकारियों को स्पष्ट दिशा-निर्देश प्रदान किए गए, ताकि जनसमस्याओं का समाधान समयबद्ध तरीके से सुनिश्चित किया जा सके। उन्होंने कहा कि कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस को पूरी सतर्कता और जिम्मेदारी के साथ कार्य करना होगा।

मैं राह का चराग हूं सूरज तो हूं नहीं, जितनी मेरी बिसात है काम आ रहा हूं मैं

सभी देशवासियों, जनपदवासियों एवं नगरवासियों को

मुक़द्दस रमज़ान की दिली मुबारकबाद

वसीक अहमद

पूर्व सभासद

नगरपालिका परिषद, बिजनौर

मो. मिर्दगान बी-10, बिजनौर



अटठाइसवां रोजा : बुधवार, 18 मार्च 2026

इफ्तार सुन्नी- 6:30, शिया 6:39

उन्नीतसवां रोजा : बृहस्पतिवार, 19 मार्च 2026

खत्म सहरी : सुन्नी- 4:59, शिया-4:52

## हाईकोर्ट ने जिला बार का चुनाव नये सिरे से कराने के आदेश दिये

बिजनौर (चिंगारी)। **इलाहाबाद हाईकोर्ट ने जिला बार एसोसिएशन बिजनौर का चुनाव नये सिरे से कराने के आदेश दिये हैं। हाईकोर्ट ने दोनों गुटों की चुनाव प्रक्रिया को खारिज करते हुए एल्डर्स कमेटी को चुनाव कराने के आदेश पारित किये। जिला बार एसोसिएशन के चुनाव को लेकर चल रही उठापटक को लेकर विवाद हाईकोर्ट पहुंचा। हाईकोर्ट ने मंगलवार को मामले की सुनवाई करते हुए एल्डर कमेटी और चुनाव अधिकारी चरत सिंह एड. द्वारा आयोजित चुनाव प्रक्रिया को रद्द करते हुए बार एसोसिएशन के बॉयलाज के अनुसार एल्डर कमेटी द्वारा नये सिरे से चुनाव प्रक्रिया सम्पन्न कराने के आदेश पारित किये। मालूम हो कि एल्डर कमेटी की ओर से चन्द्रवीर सिंह गहलौत एड. द्वारा चुनाव कराया गया था, जबकि बार अध्यक्ष यशपाल सिंह द्वारा नामित चुनाव अधिकारी चरत सिंह एड. द्वारा 16 मार्च को नामांकन प्रक्रिया समाप्त करायी गई थी।**

# मनरेगा में बदलाव के विरोध में सड़कों पर उतरे कांग्रेसजन

## सीडीओ को दिया राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन

**बिजनौर (चिंगारी)।** केंद्र सरकार द्वारा महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) में प्रस्तावित बदलावों के विरोध में जिला कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में जोरदार विरोध प्रदर्शन किया गया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने इसे ग्रामीण मजदूरों के हितों पर सीधा प्रहार बताते हुए सरकार के फैसले के खिलाफ आवाज बुलंद की। प्रदर्शन के बाद राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन सीडीओ को दिया गया।

मंगलवार को पार्टी कार्यालय से जिलाध्यक्ष हेनरीता राजीव सिंह के नेतृत्व में कार्यकर्ताओ ने नारेबाजी करते हुए विकास भवन तक मार्च निकाला। जिलाध्यक्ष हेनरीता राजीव सिंह ने कहा कि मनरेगा केवल एक योजना नहीं, बल्कि ग्रामीण भारत की जीवन रेखा है। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार द्वारा किए जा रहे परिवर्तन गरीबों के हितों के खिलाफ हैं।




प्रदर्शन में पूर्व सांसद ओमवती देवी, पूर्व आईएएस अधिकारी आरके सिंह, सुधीर पाराशर, मुबश्शिर ज़मा खान, विक्रम सिंह एड., मोहम्मद अकबर, हाजी नसीम, मोहम्मद सलीम (मनरेगा समन्वयक), अनिल त्यागी, गुलशन कुमार, राजा शर्मा, डॉ. धर्मवीर सिंह, नजाकत कंबोर, मीनू गोयल, हीरा देवी, तारा सिंह, हरि सिंह सागर, जसराम सिंह, हिमांशु देवरा, प्रदीप ठाकुर, त्रिलोक शर्मा, बलवंत सिंह, मास्टर रामपाल, विश्वमोहन सिंह सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और स्थानीय नागरिक मौजूद रहे।

# सिंचाई विभाग के शीशम के पांच पेड़ काट ले गये लकड़ी चोर



काटे गए पेड़ों का निरीक्षण करते सिंचाईकर्मी।

**कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )।** लकड़ी चोर रात के अंधेरे में नहर की पटरी पर खड़े शीशम के 5 कीमती पेड़ जड़ खुदान सहित काटकर ले गए। सरकारी आराजी अथवा किसानों के खेतों में खड़े पेड़ों को लकड़ी चोरों द्वारा चोरी छिपे काटकर ले जाने का यह पहला मामला नहीं है, बल्कि क्षेत्र में आएदिन इस प्रकार के मामले प्रकाश में आते रहते हैं, जिसमें अधिकारियों, कर्मचारियों की मिलीभगत से इनकार नहीं किया जा सकता है। शीशम के पेड़ काटे जाने का फिलहाल यह ताजा मामला रामगंगा फीका दोआब नहर से कासमपुर गढ़ी की ओर आने वाली मुख्य नारायणपुर नहर की पटरी का है, जो खैराबाद के जंगल क्षेत्र में स्थित है। सोमवार की रात चोर शीशम के 5 कीमती पेड़ों को काटकर ले गए हैं। सबूत मिटाने की गरज से चोरों ने पेड़ों की जड़ें भी उखाड़ लीं। सूचना मिलने पर सिंचाई विभाग के जिलेदार ओमप्रकाश सिंह मौके पर पहुंचे और काटे गए पेड़ों के स्थान का निरीक्षण करते हुए बताया कि इस मामले में आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।

## भंडारी शाह परिवार ने किया रोज़ा इफ़्तार पार्टी का आयोजन

**अफजलगढ़( चिंगारी )।** इस माह-ए-रमजान के 27वें रोजे को मंगल की शाम नगर के मोहल्ला नेजो सराय निवासी भंडारी शाह परिवार ने विशाल रोजा इफ्तार पार्टी का आयोजन किया। भंडारी शाह नामक मैदान में आयोजित इस इफ़्तार में अनेक सियासी व सामाजिक नेताओं, चिकित्सकों, पत्रकारों, शिक्षकों, व्यापारियों, उलेमा-ए-किराम, वर्तमान व पूर्व जनप्रतिनिधियों, गणमान्य व्यक्तियों समेत तमाम खास-ओ-आम हजरात ने शिरकत की और इफ्तार से पूर्व अल्लाह से तमाम खैर-ओ-आफियत की दुआएं कीं। इफ्तार में तशरीफ लाए रोजेदारों की आयोजकों बुन्दू शाह, शरीफ शाह, सादुल्लाह शाह, शकील शाह, फुरकान शाह, शहजाद शाह व इमरान शाह आदि ने खुलूस-ओ-मोहब्बत के साथ खैरमकदम किया और उनकी खुलेदिल से खिदमत की। सुकून भरे खुशनुमा माहौल में आयोजित इस इफ्तार पार्टी को लेकर तमाम लोगों ने भंडारी शाह परिवार की जमकर तारीफ की।



भंडारी शाह परिवार की रोज़ा इफ़्तार पार्टी में शामिल रोजेदार।

## आज और कल लगेगा फूलताल का मेला

**कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )।** क्षेत्र के ग्राम चकमनी रघुनाथपुर (पुक्खेवाला) फूलताल स्थित श्री सत्यनारायण सिद्धबली आश्रम पर प्रतिवर्ष लगने वाला प्रसिद्ध मेला इस बार 18 व 19 मार्च बुधवार व गुरुवार को यानी आज व कल लगेगा। भाजपा (किसान मोर्चा) के जिलाध्यक्ष एवं मेला व्यवस्थापक खेल सिंह राजपूत ने जानकारी देते हुए बताया कि मेले का मुख्य पर्व 19 मार्च गुरुवार को रहेगा। उन्होंने बताया कि भाजपा जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौहान बॉबी की अध्यक्षता आयोजित होने वाले इस पर्व के चीफ गेस्ट क्षेत्रीय भाजपा विधायक कुंवर सुशांत सिंह एवं विशिष्ट अतिथि उत्तराखंड की जसपुर वि.स. के विधायक आदेश चौहान रहेंगे। मेले में मनोरंजन के लिए सर्कस, झूला, काला जादू, नाव एवं रेलगाड़ी आदि के साथ-साथ खरीदारी हेतु खिलौने, घरेलू वस्तुएं एवं खाद्य पदार्थों की दुकानों का माकूल इंतजाम किया गया है। सुरक्षा की दृष्टि से प्रबंध कमेटी एवं पुलिस की माकूल व्यवस्था रहेगी।

## ज़ैद ने ईरान कल्चर हाउस पहुंचकर खामनेई की मौत पर दुःख जताया

**अफजलगढ़( चिंगारी )।** अब्दुल रज़्ज़ाक़ फाउंडेशन एवं अब्दुल समी रॉयल एकेडमी के चेयरमैन नगर निवासी युवा नेता शेख मौ. जैद गत दिवस दिल्ली स्थित ईरान कल्चर हाउस पहुंचे। वहां से वापस लौटने पर मौ. जैद ने बताया कि उन्होंने वहां मौजूद ईरान के सुप्रीम लीडर के रिप्रेजेंटेटिव डॉ. अब्दुल माजिद हकीम इलाही से मुलाकात की और ईरान के सर्वोच्च नेता आयतुल्लाह खामनेई की मौत पर गहरा दुख व्यक्त किया। अपनी संवेदनाएं व्यक्त करते हुए शेख मौ. जैद ने आयतुल्ला खामनेई को खिराज-ए-अकीदत भी पेश की और मरहूम आयतुल्लाह खामनेई की मगफिरत व उनके गमजदा अहले खाना, अनुयायियों एवं ईरान वासियों को सब्र-ए-जमील अता करने की अल्लाह से दुआएं कीं। इस मौके पर मौ. जैद के साथ आमिर हमजा व शाहिद सलमानी आदि भी मौजूद रहे।






# धूमधाम से निकला चामुण्डा धाम से माता रानी का भव्य डोला

**बिजनौर ( चिंगारी )।** प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी चैत्रीय नवरात्रों के अवसर पर आज जाटान स्थित श्री मां चामुण्डा धाम की ओर से माता रानी की शोभायात्रा धूमधाम से निकाली गई। प्रातः 4 बजे से चामुण्डा धाम से प्रारंभ हुई कलश व अखण्ड ज्योति यात्रा में सबसे आगे ध्वज व मंदिर का बैनर लिये युवक चल रहे थे, जबकि उनके पीछे ढोल की आवाज गूंज रही थी। शोभायात्रा में जहां डीजे पर बज रहे भजन वातावरण को भक्तिमय बना रहे थे, वहीं लगभग डेढ़ दर्जन कारों पर सजे कलश अलग ही नजारा प्रस्तुत कर रहे थे। यात्रा में शामिल जहां शिव-पार्वती व राधा-कृष्ण की दो झांकियां आकर्षण का केंद्र बनी हुई थीं, वहीं श्री राम, लक्ष्मण व हनुमान की झांकी सबका मन मोह रही थी। शोभायात्रा के अंत में माता रानी का डोला शामिल था, जिस पर बैठे भक्त लोगों को मां का प्रसाद वितरित कर रहे थे। शोभायात्रा का नेतृत्व समिति के अध्यक्ष नवीन अग्रवाल, महामंत्री अशोक अग्रवाल, प्रबंधक प्रमोद कुमार, कोषाध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी व भण्डारी धर्मेंद्र चौधरी आदि कर रहे थे। शोभायात्रा अपने निर्धारित मार्गों से होती हुई वापस चामुण्डा धाम पहुंचकर समाप्त हुई, जहां झण्डा अभिवादन व मां की आरती की गई। शोभायात्रा में व्यवस्था बनाये रखने के लिये पुलिसकर्मी भी साथ-साथ चल रहे थे।







## मण्डावर में नमाज-ए-ईद ईदगाह में सुबह 8:00 बजे शाही मस्जिद में 8:30 बजे

**मण्डावर ( चिंगारी )।** मंडावर ईदगाह में ईद की नमाज़ सुबह 8 बजे, शाही जामा मस्जिद में 8:30 बजे होगी। मंडावर ईद-उल-फितर के त्यौहार को लेकर शाही जामा मस्जिद के पेश इमाम मुफ्ती मुदस्सिर कासमी ने बताया कि ईद कैमिटी की ओर से पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। ईदगाह में नमाज़ 8 बजे होगी, वही शाही जामा मस्जिद में 8:30 बजे होगी।

## रिक्शा यूनियन के अधिक किराया वसूलने की शिकायत

**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** कस्बा साहनपुर में रिक्शा यूनियन द्वारा बिना अनुमति किराया बढ़ाने पर सामाजिक संस्था ने आपत्ति जताते हुए शिकायत की है। क्षेत्रीय एनजीओ ने साहनपुर में रिक्शा चालकों पर सवारियों से गलत तरीके 10 की जगह 15 रूपए किराया वसूलने का आरोप लगाया। इस मामले में क्षेत्रीय सामाजिक संस्था एंटी करप्शन ब्यूरो एंड वेलफेयर फाउंडेशन की डिस्ट्रिक एडमिनिस्ट्रेटिव रंजना सैनी ने एसडीएम नजीबाबाद व डीएम बिजनौर को लिखित शिकायत भेजी है।

## अल्लाह की आखिरी किताब है कुरआन बच्चों को दीनी तालीम दिलाने का आह्वान

**शेरकोट ( चिंगारी )।** नगर की जामा मस्जिद में मुफ्ती अमानुर्रब की तकमील-ए-कुरआन के मौके पर एक रुहानी और इल्मी मजलिस का आयोजन किया गया। इस मौके पर मौलाना मजाहिरुल हक ने खिताब फरमाया और दुआ कराई। उन्होंने कुरान व हदीस पर रोशनी डालते हुए कुरआन करीम को सीखने और सिखाने की अहमियत बयान की। उन्होंने अफसोस जताते हुए कहा कि आज नौजवान कुरआन व हदीस की तालीम से दूर होते जा रहे हैं और काफी तादाद में लोगों को नमाज में पढ़ी जाने वाली छोटी-छोटी सूरतें भी सही याद नहीं होने से कुरआन मजीद गलत पढ़ा जाता है। उन्होंने कहा कुरआन करीम अल्लाह की आखिरी किताब है, जो इंसानों की हिदायत के लिए भेजी गई है। उन्होंने हदीस का हवाला देते हुए बताया कि सबसे बेहतर शख्स वो है जो कुरआन सीखे और सिखाए। उन्होंने मुसलमानों से अपने बच्चों को हर हाल में कुरान की तालीम दिलाने का आह्वान किया। इस मौके पर अफसर खान, पूर्व सभासद अब्दुल रऊफ ठेकेदार, डॉक्टर महमूद, गुफरान राजा, पूर्व सभासद अफजाल अहमद, बबलू कप्तान, सभासद सलीम खान, शरीफ अहमद आदि मौजूद रहे।



## वाजिद मकरानी 12 गांवों की मस्जिदों के इमाम व हाफिजों को कर चुके सम्मानित

**मंडावली/नजीबाबाद ( चिंगारी )।** मंडावली निवासी वाजिद मकरानी प्रत्याशी जिला पंचायत सदस्य ने खत्म शरीफ के मौके पर मस्जिद के इमाम व हाफिज साहब को सम्मानित किया है। वाजिद मकरानी ने मंडावली व नांगल क्षेत्र के ग्राम सैदपुरी, शहजादपुर, नांगल सोती में कलाम पाक मुकम्मल होने व खत्म शरीफ के मौके पर मस्जिद के इमाम व हाफिजों को कलाम पाक सुनाने पर किया सम्मानित। वाजिद मकरानी द्वारा रमाजन के मौके पर तराबीह में मस्जिदों में कलाम पाक सुनने व सुनाने वाले इमाम व मौअज्जनो को हदिया देकर उनकी ताजपोशी की। वाजिद मकरानी के द्वारा अब तक क्षेत्र के लगभग 12 गांव में 25 मस्जिदों के इमाम व हाफिजों को सम्मानित किया जा चुका है। जिसकी क्षेत्र में सराहना की जा रही है। उन्होंने बताया कि अन्य क्षेत्र के गांव की मस्जिदों के इमाम व हाफिज को भी सम्मानित किया जाएगा।

## शिवदयाल का जीवन सामाजिक न्याय के लिए समर्पित रहा: शैलेंद्र चौधरी

**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** अपना दल (एस) के जिला कैम्प कार्यालय पर महान समाज सुधारक शिव दयाल चौरसिया की जयंती के अवसर पर एक महत्वपूर्ण बैठक एवं विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष शैलेन्द्र चौधरी एडवोकेट ने कहा कि शिव दयाल चौरसिया का जीवन समाज में शिक्षा, समानता व सामाजिक न्याय के लिए समर्पित रहा है। उन्होंने अपने पूरे जीवन में वंचित व पिछड़े वर्गों को आगे बढ़ाने के लिए संघर्ष किया। उनके विचार आज भी समाज को नई दिशा देने का काम कर रहे हैं। बैठक में मुख्य रूप से वकील अहमद, किशोर कुमार, दलचंद, हनीफ, अभिषेक, अकरम, नासिर, कुलदीप, हिमांशु, अनुराधा देशवाल, अजीत चौधरी, राजीव राठी, उपासना, अमन सिंह, सत्यम आदि मौजूद रहे।



भली लगे या बुरी...

## युद्ध से बिगड़ते दुनिया के हालात

चंद सनकी लोगों ने अपनी ताकत के गुरुर में और अपने स्वार्थों की पूर्ति के लिये दुनिया को जिन हालात में पहुंचा दिया है, उसे देखकर शांतिकामी लोगों में चिंता होना स्वाभाविक है। सबको मालूम है कि युद्ध किसी भी समस्या का समाधान नहीं है और युद्ध खुद एक समस्या है, फिर भी डोनाल्ड ट्रंप जैसे तानाशाह अपनी सनक और बीमार सोच के चलते ऐसे हालात पैदा कर देते हैं कि उसकी कीमत तमाम दुनिया को चुकानी पड़ती है। लगभग चार साल से जारी रूस-यूक्रेन युद्ध, इस्राइल द्वारा गाजा व लेबनान में की जा रही सैनिक कार्रवाइयों, हाल ही में इस्राइल व अमेरिका द्वारा ईरान पर किए भयानक हमले तथा ईरान की जवाबी प्रतिक्रिया से दुनिया भर में आर्थिक व पर्यावरणीय संकट गंभीर होता जा रहा है। भारत सहित पूरी दुनिया ऊर्जा संकट तथा महंगाई का सामना कर रही है। यदि युद्ध जल्दी न समाप्त हुआ तो यह संकट और गहराएगा तथा दुनिया महामंदी की ओर बढ़ जायेगी। कच्चे तेल के दामों के प्रति बैरल 100 डालर से ऊपर जाने तथा अनेक खाड़ी देशों द्वारा तेल व गैस का उत्पादन घटाने या बंद करने के कारण ऊर्जा संकट गहरा रहा है। हालांकि, ट्रंप द्वारा युद्ध जल्दी समाप्त होने की उम्मीद जताने के बाद कच्चे तेल की कीमतों में कमी आई, पर खाना पकाने वाली गैस की कमी से हालात बिगड़ रहे हैं। देश के अनेक महानगरों में अनेक होटलों को अपना कामकाज बंद करना पड़ा है तथा घबराहट में लोग एलपीजी लेने के लिए लंबी-लंबी लाइनों में खड़े हो रहे हैं। हालांकि, सरकार बार-बार यह आश्वासन दे रही है कि भारत के पास तेल और गैस का प्रचुर भंडार है तथा वह केवल होर्मुज खाड़ी से आने वाले तेल व गैस पर निर्भर नहीं है तथा जनता को घबराने की कोई जरूरत नहीं है। लेकिन जमीन पर हालात कुछ और ही नजर आ रहे हैं। कामर्शियल गैस की कमी के कारण होटलों, कैटररों व छोटे ढाबे वालों को रोजी-रोटी के संकट का सामना करना पड़ रहा है। घरेलू गैस की कमी के चलते आम लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। स्थिति में सुधार नहीं हुआ तो आने वाले दिनों में कानून व्यवस्था की भी चुनौती आ सकती है।

# कौन जीतेगा चुनावी महाभारत? क्या बंगाल में होगा बदलाव?

-नीरज कुमार दुबे

पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु और केरल ऐसे राज्य हैं, जहां भाजपा अब तक सत्ता से दूर रही है, लेकिन इस बार वह पूरी ताकत के साथ अपनी राजनीतिक उपस्थिति को विस्तार देने की कोशिश कर रही है। इन राज्यों में भाजपा की सबसे बड़ी चुनौती क्षेत्रीय दल हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और कांग्रेस नेता राहुल गांधी के बीच एक और बड़े मुकाबले की तैयारी शुरू हो चुकी है, जबकि वामपंथ अपने आखिरी किले को बचाने की जंग लड़ने की स्थिति में दिखाई दे रहा है। असम, पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु और केरल में होने जा रहे विधानसभा चुनाव केवल राज्यों की सत्ता का सवाल नहीं हैं, बल्कि यह राष्ट्रीय राजनीति की दिशा तय करने वाले निर्णायक राजनीतिक संघर्ष के रूप में उभर रहे हैं। इन चुनावों में भारतीय जनता पार्टी अपने विस्तार की रणनीति के साथ मैदान में है, जबकि कांग्रेस और अन्य विपक्षी दल इसे भाजपा के बढ़ते प्रभाव को रोकने की आखिरी बड़ी परीक्षा के रूप में देख रहे हैं।

देखा जाये तो लोकसभा चुनाव 2024 के बाद हुए कई विधानसभा चुनावों ने यह संकेत दिया कि भाजपा अभी भी राष्ट्रीय राजनीति की सबसे मजबूत ताकत बनी हुई है। विपक्ष को उम्मीद थी कि लोकसभा चुनाव में अपेक्षाकृत बेहतर प्रदर्शन के बाद उसका मनोबल बढ़ेगा, लेकिन बाद के चुनावों में भाजपा ने अपनी पकड़ बनाए रखी। अब पांच राज्यों में हो चुका चुनावी शंखनाद का दौर यह तय करेगा कि क्या भाजपा उन राज्यों में भी अपनी राजनीतिक जमीन मजबूत कर सकती है, जहां अब तक उसे सत्ता नहीं मिली है।

देखा जाये तो इन चुनावों की घोषणा ऐसे समय हुई है, जब विपक्ष प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर व्यक्तिगत रूप से तथा एनडीए सरकार पर कई मुद्दों को लेकर लगातार हमला कर रहा है। अमेरिका के साथ व्यापार समझौता, पश्चिम एशिया संकट के कारण ऊर्जा आपूर्ति को लेकर चिंता और मतदाता सूची के विशेष पुनरीक्षण जैसे मुद्दों को लेकर सरकार पर सवाल उठाए जा रहे हैं। ऐसे माहौल में इन चुनावों को जनता के वास्तविक राजनीतिक मूड की परीक्षा के रूप में भी देखा जा रहा है।

भाजपा इस चुनावी दौर में असम में सबसे अधिक आत्मविश्वास के साथ उतर रही है। 2016 से राज्य की सत्ता में मौजूद भाजपा मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा के नेतृत्व में खुद को मजबूत स्थिति में मान रही है। पार्टी ने बांग्लादेश से होने वाली घुसपैठ और स्थानीय पहचान के मुद्दों को चुनावी बहस के केंद्र में ला दिया है, जिससे चुनावी वातावरण और अधिक तीखा हो गया है।

दूसरी ओर पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु और केरल ऐसे राज्य हैं, जहां भाजपा अब तक सत्ता से दूर रही है, लेकिन इस बार वह पूरी ताकत के साथ अपनी राजनीतिक उपस्थिति को विस्तार देने की कोशिश कर रही है। इन राज्यों में भाजपा की सबसे बड़ी चुनौती क्षेत्रीय दल हैं। पश्चिम बंगाल में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और तमिलनाडु में मुख्यमंत्री एमके स्टालिन भाजपा के सबसे मुखर विरोधियों में शामिल हैं और दोनों ही नेता इस चुनावी मुकाबले में सीधे भाजपा के निशाने पर हैं।

हम आपको बता दें कि चारों राज्यों में भाजपा केवल असम में सत्ता में है, जबकि केंद्र शासित प्रदेश पुडुचेरी में वह सत्तारूढ़ गठबंधन का हिस्सा है। असम के बाद पार्टी की सबसे बड़ी राजनीतिक महत्वाकांक्षा पश्चिम बंगाल में दिखाई देती है, जहां वह तृणमूल कांग्रेस को सीधी चुनौती दे रही है। वहीं तमिलनाडु में भाजपा ने अन्नाद्रमुक के नेतृत्व में एक व्यापक गठबंधन तैयार कर द्रमुक के नेतृत्व वाले मोर्चे को घेरने की रणनीति बनाई है।

केरल का चुनाव अलग मायने रखता है, क्योंकि यहां परंपरागत रूप से वाम लोकतांत्रिक मोर्चा और कांग्रेस के नेतृत्व वाला संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा ही मुख्य मुकाबले में रहे हैं। लेकिन पिछले चुनावों में भाजपा को करीब 17 प्रतिशत मत मिलने के बाद उसे यहां एक प्रभावशाली कारक के रूप में देखा जाने लगा है। ऐसे में यह चुनाव वामपंथ के लिए अपने आखिरी मजबूत किले को बचाने की चुनौती



भी बन गया है।

हम आपको बता दें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चुनावी अभियान की कमान संभालते हुए इन सभी राज्यों में लगातार दौरे और रैलियां की हैं। विकास परियोजनाओं के उद्घाटन के साथ राजनीतिक संदेश

> **आपको बता दें कि चारों राज्यों में भाजपा केवल असम में सत्ता में है, जबकि केंद्र शासित प्रदेश पुडुचेरी में वह सत्तारूढ़ गठबंधन का हिस्सा है। असम के बाद पार्टी की सबसे बड़ी राजनीतिक महत्वाकांक्षा पश्चिम बंगाल में दिखाई देती है, जहां वह तृणमूल कांग्रेस को सीधी चुनौती दे रही है। वहीं तमिलनाडु में भाजपा ने अन्नाद्रमुक के नेतृत्व में एक व्यापक गठबंधन तैयार कर द्रमुक के नेतृत्व वाले मोर्चे को घेरने की रणनीति बनाई है।**

देने की रणनीति अपनाते हुए उन्होंने खास तौर पर पश्चिम बंगाल में अपने हमलों को और अधिक तीखा किया। कोलकाता में आयोजित रैली में उन्होंने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर सीधा हमला बोलते हुए आरोप लगाया कि उनकी राजनीति राज्य में

## क्या केरल में आखिरी किला बचा पाएंगे वामपंथी?

तुष्टिकरण की नीति को बढ़ावा देती है।

भाजपा का दावा है कि पश्चिम बंगाल में घुसपैठ और धार्मिक पहचान से जुड़े मुद्दों ने व्यापक राजनीतिक बहस को जन्म दिया है। पार्टी का मानना है कि इन मुद्दों ने राज्य में राजनीतिक ध्रुवीकरण को मजबूत किया है और इससे उसे चुनाव में फायदा मिल सकता है। ममता बनर्जी 2011 से लगातार सत्ता में हैं और उन्होंने कई बार भाजपा की चुनौती को रोकने में सफलता हासिल की है। हालांकि 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने 18 सीटें जीतकर बड़ा राजनीतिक संदेश दिया था। इसके बाद हुए चुनावों में भाजपा का मत प्रतिशत लगभग 38 से 39 प्रतिशत के बीच स्थिर रहा है, जिससे पार्टी को उम्मीद है कि इस बार वह ममता बनर्जी के किले में बड़ी सेंध लगा सकती है। कांग्रेस के लिए भी यह चुनाव किसी अग्नि परीक्षा से कम नहीं है। 2014 के बाद से राष्ट्रीय राजनीति में लगातार कमजोर होती जा रही कांग्रेस अब इन चुनावों के जरिये अपने राजनीतिक अस्तित्व को फिर से मजबूत करने की कोशिश कर रही है। पार्टी को उम्मीद है कि केरल में जीत उसके लिए नई राजनीतिक ऊर्जा लेकर आ सकती है। असम में कांग्रेस ने गौरव गोगोई जैसे अपेक्षाकृत युवा चेहरे को आगे कर नई रणनीति अपनाई है। पार्टी का लक्ष्य कम से कम इतना प्रदर्शन करना है कि यह धारणा टूट सके कि असम पूरी तरह भाजपा का गढ़ बन चुका है। तमिलनाडु में कांग्रेस द्रमुक के साथ गठबंधन में है, हालांकि सीटों के बंटवारे को लेकर शुरुआती मतभेद भी सामने आए। वहीं अभिनेता विजय की नई पार्टी के उभार ने चुनावी समीकरण को और जटिल बना दिया है, जिससे तीन कोणीय मुकाबले की संभावना बन रही है। पश्चिम बंगाल में कांग्रेस ने इस बार अकेले चुनाव लड़ने का फैसला किया है। पिछले चुनाव में पार्टी को शून्य सीट और केवल तीन प्रतिशत मत मिले थे। इस बार उसका लक्ष्य कम से कम पंद्रह प्रतिशत मत हासिल कर अपनी राजनीतिक प्रासंगिकता को फिर से स्थापित करना है।

कुल मिलाकर असम, पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु और केरल के चुनाव केवल क्षेत्रीय सत्ता की लड़ाई नहीं हैं। यह चुनाव इस बात का संकेत भी देंगे कि क्या नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा का राजनीतिक विस्तार जारी रहेगा या राहुल गांधी के नेतृत्व में विपक्ष कोई नया राजनीतिक संतुलन स्थापित कर पाएगा। वैसे इसमें कोई दो राय नहीं कि आने वाले महीनों में यह चुनावी संघर्ष भारतीय राजनीति के सबसे तीखे मुकाबलों में से एक बन सकता है।

# विवेक सेन ने विशाल रोजा इफ्तार पार्टी आयोजित की

## साम्प्रदायिक सौहार्द और आपसी भाईचारे की मिसाल कायम हुई



**धामपुर ( चिंगारी )।** नगीना सांसद चंद्रशेखर आजाद के प्रतिनिधि एवं आजाद समाज पार्टी के वरिष्ठ नेता विवेक सेन ने शेरकोट के बाद कल धामपुर में एतिहासिक रोजा इफ्तार पार्टी का आयोजन किया, जिसमें हजारों लोगों ने एक साथ बैठकर इफ्तार की। इस दौरान साम्प्रदायिक सौहार्द और आपसी भाईचारे की खूबसूरत तस्वीर देखने को मिली। इफ्तार पार्टी में सभी धर्मों के लोगों ने शिरकत की। इससे पहले शेरकोट में भी विवेक सेन द्वारा इसी प्रकार का रोजा इफ्तार कार्यक्रम आयोजित किया गया था।

दोनों जगह इतनी बड़ी इफ्तार पार्टी आयोजित कर विवेक सेन ने एक मिसाल कायम की है। विवेक सेन का कहना है कि आपसी भाईचारा इस समय की सबसे बड़ी जरूरत है। ऐसे कार्यक्रमों से हमारी गंगा-जमुनी तहजीब को बल मिलता है। उन्होंने इफ्तार पार्टी में आने वाले सभी रोजेदारों व अन्य लोगों का गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। धामपुर के बैंकट हॉल में हुए रोजा इफ्तार कार्यक्रम में शहर शहर काजी मुफ्ती कमर कासमी, परवेज पासी, नसीम अंसारी, फहीम माहीगीर, सतीश कुमार, साजिद उर्फ अय्या, नौशाद सलमानी, पप्पू मंसूरी, डॉक्टर अजहर अंसारी, एजाज धामपुरी, नसीम सलमानी, डॉक्टर कमाल अहमद, सुहेल डिजाइनर, जोहेब मलिक, परविंदर कुमार, अतुल कुमार, लवली कुमार, पप्पू, प्रदीप, रिंकू, साहिल मेहरा के अलावा सैकड़ों गणमान्य नागरिक शामिल रहे। लोगों ने इतनी बड़ी और व्यवस्थित रोजा इफ्तार पार्टी के लिए विवेक सेन की सराहना की।

## तेज रफ्तार वाहन की चपेट में आकर फैक्ट्री कर्मचारी की मौत

**हरिद्वार ( चिंगारी )।** ज्वालापुर कोतवाली क्षेत्र में रानीपुर झाल के पास तेज रफ्तार वाहन की टक्कर से एक फैक्ट्री कर्मचारी की मौत हो गई। हादसे के बाद चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर वाहन और चालक की तलाश शुरू कर दी हैं। पुलिस के अनुसार भुवन गिरि निवासी खटीमा उधम सिंह नगर, यहां सिडकुल स्थित एक फैक्ट्री में कार्यरत था। वह ज्वालापुर क्षेत्र में किराए पर रह रहा था। किसी काम से बाहर जाने के दौरान रानीपुर झाल रेड लाइट के पास अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में गंभीर रूप से घायल भुवन गिरि को राहगीरों की मदद से अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। कोतवाली प्रभारी कुंदन सिंह राणा ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है, वाहन चालक की तलाश की जा रही है।



## चोरी के खुलासे के लिये व्यापारी एसपी से मिले

**बिजनौर ( चिंगारी )।** किराना के प्रमुख व्यापारी अमित कुमार अग्रवाल के मौहल्ला नई बस्ती नीलकमल रोड पर स्थित फ्लैट में चोरी के खुलासे के लिए व्यापारी एसपी से मिले और ज्ञापन दिया। एसपी ने व्यापारियों को शीघ्र चोरी के खुलासे का आश्वासन दिया। व्यापारियों में सुशील जिंदल, निश्चल अग्रवाल, राजेंद्र गौतम, अमित अग्रवाल, संजय, विजय, सादाबाद, सलीम, खलील अहमद आदि रहे।

## पीड़ित परिजनों से मिले कांग्रेसी



**नहटौर ( चिंगारी )।** ग्राम मुकर्रमपुर में गुलदार के हमले में मृत बालिका अदिति के परिजनों से कांग्रेस प्रतिनिधि मंडल ने वार्ता की और घटना पर शोक जताया। मंगलवार को कांग्रेस का प्रतिनिधिमंडल मुकर्रमपुर पहुंचा, जिसमे कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता आर.के.सिंह (पूर्व आईएएस), रतिराम (ब्लॉक अध्यक्ष), मा. रामपाल, हिमांशु देवरा, महेश कुमार, जीतेन्द्र प्रधान, जीतेन्द्र सिंह, सुकेश कुमार, अंकित, मिथुन, विपुल, अक्षय आदि ने पीड़ित परिजनों से वार्ता की। उन्होंने घटना पर शोक व्यक्त किया तथा प्रशासन से उचित कार्रवाई की मांग की।

## पंचायती मंदिर में मनाया जायेगा नवरात्र पर्व

**बिजनौर ( चिंगारी )।** प्राचीन पंचायती मंदिर महादेव जी में चैत्र नवरात्रों का पर्व बड़े धूमधाम से मनाया जाएगा। मंदिर को बड़े ही सुंदर ढंग से सजाया गया है तथा मां दुर्गा की मूर्ति का संपूर्ण श्रृंगार किया गया। मंदिर में रोज सुबह शाम मां की आरती की जाएगी। एडवोकेट सुभाष चंद्र अग्रवाल, एडवोकेट संजीव अग्रवाल, राम बहादुर अग्रवाल, विनीत कुमार अग्रवाल, यशपाल सिंह एडवोकेट, राम मूर्ति गौतम, वीरेंद्र कुमार, रिंकू फूल वाले, मनोज उपाध्याय एडवोकेट, राजेंद्र सिंह, कार्तिक कपूर आदि व्यवस्था बनाने में सहयोग कर रहे हैं।

## बीजेपी के बागी अजेंद्र अजय ने पार्टी प्रवक्ता को बताया आपराधिक छवि वाला

**देहरादून ( चिंगारी )।** भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं बदरी केदार मंदिर समिति के पूर्व अध्यक्ष अजेंद्र अजय ने फिर बयान बम फोड़ा है। अब उनकी नई सोशल मीडिया पोस्ट पर चर्चाओं का दौर जारी है। ऐसा माना जा रहा है कि अजेंद्र अजय, पार्टी और सरकार से नाराज चल रहे हैं। जिसके चलते अन्य पार्टियों की नजर भी इन पर बनी हुई है, ताकि इस पूरे मामले को लेकर भाजपा को घेरा जा सके। वहीं अजेंद्र अजय ने सोशल मीडिया के जरिए एक और बड़ा बयान जारी किया है।

अजेंद्र अजय ने कहा कि उनके बारे में मीडिया एवं सोशल मीडिया के जरिए यह भी प्रचारित करने की कोशिश हो रही है कि अजेंद्र अजय फलां गुट का है। फलां का आदमी है। यही वजह है कि वो सोशल मीडिया के जरिए इन बातों को बता रहे हैं। यही नहीं, ये भी कहा जा रहा है कि किसी पद को पाने की लालसा की वजह से ही अजेंद्र अजय की ओर से लगातार पोस्ट किए जा रहे हैं। बीकेटीसी के पूर्व अध्यक्ष ने कहा कि लेकिन पद की लालसा जैसी बातों को फैलाने वाले सभी लोग इस बात को जानते हैं कि उन्होंने बिना किसी पद के भी पिछले कई सालों तक पार्टी में काम किया है।

अजेंद्र अजय ने कहा कि किन विषयों को लेकर उनकी नाराजगी है, इस बात को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट के साथ ही अन्य स्तरों पर भी व्यक्त कर चुके हैं। यही नहीं, जिन विषयों को लेकर उनकी नाराजगी है और उन्होंने जिन विषयों को उठाया है वह कोई उनका व्यक्तिगत मामला नहीं बल्कि सार्वजनिक महत्व का मामला है। ऐसे में इन सब विषयों से संबंधित कुछ दस्तावेज प्राप्त होने के बाद जल्द ही दस्तावेजों और विषयों को सार्वजनिक करेंगे।

ये पोस्ट लिखते-लिखते अजेंद्र अजय के तेवर शायद बहुत तल्ख हो गए थे। उन्होंने पोस्ट के आखिर में एक वाक्य लिखा- 'आश्चर्य की बात यह है कि एक आपराधिक छवि का भाजपा प्रवक्ता आज किसी चैनल पर मुझे ज्ञान और उपदेश देता दिखा'। हालांकि थोड़ी देर बाद उन्होंने वो लाइन डिलीट कर दी। लेकिन उनकी पोस्ट के कमेंट बॉक्स में जो रिएक्शन आए, उनमें कई लोगों ने आपराधिक छवि का प्रवक्ता वाली लाइन पर प्रतिक्रिया दी है।



## रोजगार मेले में 1088 युवाओं को मिला जॉब ऑफर लेटर

**बिजनौर ( चिंगारी )।** उत्तर प्रदेश मिशन रोजगार योजना के अंतर्गत जिला सेवायोजन कार्यालय , राजकीय आईटीआई एवं कौशल विकास मिशन के संयुक्त तत्वावधान में मंगलवार को 10 बजे से राजकीय आईटीआई बिजनौर में वृहद रोजगार मेले का आयोजन श्रीमती जसजीत कौर जिलाधिकारी बिजनौर की अध्यक्षता एवं राकेश शर्मा प्रधान सहायक राजकीय आईटीआई बिजनौर के संचालन में किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष चौधरी साकेंद्र प्रताप सिंह मुख्य अतिथि, मुख्य विकास अधिकारी रणविजय सिंह विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। जिला सेवायोजन अधिकारी विशाल राठी, नोडल प्रधानाचार्य राजकीय आईटीआई बिजनौर मंजुल मयंक, राजकीय आईटीआई नजीबाबाद के प्रधानाचार्य आंचल कुमार, डीसी मनरेगा राम बहाल सिंह यादव, उपायुक्त उद्योग अमित कुमार तथा राजकीय पॉलिटेक्निक बिजनौर के प्रधानाचार्य मोहम्मद आरिफ खान पंकज चौधरी आदि उपस्थित रहे।

रोजगार मेले के आयोजक विशाल राठी ने बताया कि मेले में 40 प्रतिष्ठित कंपनियों ने प्रतिभाग कर उपस्थित 2762 अभ्यर्थियों में से 1088 युवाओं का चयन किया, जिन्हें मुख्य अतिथि एवं जिलाधिकारी द्वारा मौके पर ही जॉब ऑफर लेटर दिए गए।

इस दौरान राजकीय आईटीआई बिजनौर की छात्रा कुमारी तृप्ति पुत्री नरेश कुमार को हाल ही में प्रदेश स्तरीय खेल प्रतियोगिता में लंबी कूद में प्रथम स्थान प्राप्त कर स्वर्ण पदक जीतने पर प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त उद्योग विभाग द्वारा संचालित वीएसएसवाई टेलर योजना के अंतर्गत कीर्ति, काजल, माया, संजू एवं पूनम को सिलाई मशीन एवं टेलर टूल किट वितरित किए गए। वहीं, मुख्यमंत्री युवा योजना के तहत मीनाक्षी, संगीता एवं राहुल को 5-5 लाख रुपये के ऋण के चेक प्रदान किए गए।

# इंकाइयों ने मनाई हेमवती नन्दन बहुगुणा की पुण्यतिथि

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पार्टी कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी व उ. प्र. के पूर्व मुख्यमंत्री स्व. हेमवती नंदन बहुगुणा की 37 वीं पुण्यतिथि पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किये।

इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि देश के राजनैतिक क्षितिज पर परचम लहराने वाले स्व. हेमवती नंदन बहुगुणा ने देश की राजनीति में भी प्रभावी भूमिका निभाते हुए, अपने मुख्यमंत्रित्व काल में विषम भौगोलिक स्थितियों वाले पर्वतीय अंचल में बिकास की अवधारणा के अनुरूप उप्र में ही पर्वतीय संवर्ग एवं पर्वतीय विकास मंत्रालय की स्थापना की थी, जो आगे चलकर पर्वतीय प्रदेश की प्रभावी मांग के रूप में तब्दील हुआ। 25 अप्रैल 1919 को बुघाणी


स्व. हेमवती नंदन बहुगुणा

पौड़ी गढ़वाल में जन्मे स्व. बहुगुणा ने प्रारंभिक शिक्षा पौड़ी एवं उच्च शिक्षा इलाहाबाद में ग्रहण की, 1942 गांधी जी के भारत छोड़ो आंदोलन में सम्मिलित रहे और 1952 में उ. प्र. में विधायक बनने के साथ 1973 में उ. प्र. के मुख्यमंत्री के साथ ही केंदीय मंत्री भी रहे। उन्होंने गढ़वाल विश्वविद्यालय की स्थापना भी की। कहा कि 17 मार्च 1989 को उनका निधन हो गया था। प्रदेश के लिए दिए गए उनके योगदान को हमेशा याद किया जाता रहेगा। कार्यक्रम में कांग्रेस पूर्व मेयर प्रत्याशी रंजना रावत, पाती राम ध्यानी, बलबीर सिंह रावत, प्रेम सिंह पयाल, लक्ष्मी चौहान, शीला भारती, बीरेंद्र सिंह रावत, विनोद रावत, नरेंद्र सिंह नेगी और चंद्रमोहन रावत सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल रहे।

# भारत पहुंच रहे गैस से लदे जहाज गैस की किल्लत से मिलेगी निजात

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद के सदस्यों ने पश्चिम एशिया में चल रहे युद्ध के बीच उत्पन्न गैस संकट को निपटाने में प्रधानमंत्री की कूटनीति की प्रशंसा की है। परिषद कार्यालय में आयोजित बैठक में वक्ताओं ने कहा कि प्रधानमंत्री ने देश हित को देखते हुए युद्ध में शामिल किसी भी देश का सपोर्ट नहीं किया। उनका मानना है कि युद्ध समाधान नहीं है। आपसी बातचीत कर समस्या का हल निकाला जाना चाहिए। कहा कि उनकी सफल कूटनीति के चलते एलपीजी से लदे भारतीय जहाज देश में पहुंचने वाले हैं जिससे रसोई गैस की किल्लत दूर होने की उम्मीद है। कहा कि संकट के समय जो संकटमोचन बने वही अच्छा नेता, कूटनितिज्ञ और रणनीतिकार माना जाता है और इस बात को प्रधानमंत्री कई बार साबित कर चुके हैं। बैठक में अध्यक्ष देवेंद्र सिंह नेगी,गोपाल कृष्ण बड़थ्वाल, बलवान सिह रावत, ललिता प्रसाद मैदोला, नरेन्द्र सिंह रावत, हरीशचंद्र खुगशाल, ज्ञानपाल सिह रावत, संजय असवाल और सुरेश रावत सहित परिषद से जुड़े अन्य पूर्व सैनिक उपस्थित रहे।

# कोतवाल अमित कुमार को सम्मानित किया



**चांदपुर ( चिंगारी )।** नगर के प्रमुख व्यापारियों ने लापता हुई छात्राओं को 15 घन्टे के भीतर सकुशल बरामद करने के लिए यहां से नजीबाबाद के लिए स्थानांतरित होने वाले कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अमित कुमार को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

मंगलवार को वरिष्ठ समाजसेवी एवं बीकेजी ज्वैलर्स के स्वामी गोविन्द मित्तल, ठाकुर रायबहादुर आर्य, अरविन्द कुमार ज्वैलर्स व मनोज कुमार अग्रवाल तेल वाले थाने पहुंचे तथा कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अमित कुमार को माला पहनाकर व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर गोविन्द मित्तल व ठाकुर रायबहादुर आर्य ने कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अमित कुमार के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि थोड़े से समय में उन्होंने अपनी कार्यशैली से क्षेत्रवासियों व अपने स्टाफ का दिल जीत लिया। इस अवसर पर हर्षित बहादुर आर्य, सौरभ अग्रवाल आदि भी मौजूद रहे।

मालूम हो कि कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अमित कुमार का नजीबाबाद के लिए स्थानांतरण हो गया है तथा उनके स्थान पर नजीबाबाद में तैनात कोतवाली प्रभारी निरीक्षक को चांदपुर का प्रभारी निरीक्षक बनाया गया है।

ख़बर सबसे पहले
असर सबसे ज़्यादा
चिंगारी


बाल कल्याण समिति की सदस्य।



सभी क्षेत्रवासियों को मुकद्दस रमजान
की दिली मुबारकबाद
मो. ग़ाज़ी
पूर्व विधायक, शेरकोट
अट्ठाइसवां रोजा : बुधवार, 18 मार्च 2026
इफ्तार सुन्नी- 6:30, शिया 6:39
उन्तीसवां रोजा : गुरुवार, 19 मार्च 2026
खत्म सहरी : सुन्नी- 4:59, शिया-4:52



# काउंसलिंग के बाद छात्राओं को परिजनों को सौंपा

**चांदपुर ( चिंगारी )।** बाल कल्याण समिति ने कुछ दिन पूर्व एक साथ लापता हुई बालिकाओं को काउंसलिंग कर उनके परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। मालूम हो कि 12 मार्च को नगर व क्षेत्र की 6 बालिकाएं लापता हो गई थीं। पुलिस ने उन्हें सकुशल बरामद कर लिया था। पुलिस द्वारा बालिकाओ को बाल कल्याण समिति के समक्ष पेश किया गया, जहां बालिकाओं की काउंसलिंग कर उनके परिजनों को सौंप दिया गया। इस अवसर कल्याण समिति की अध्यक्ष सुषमा शर्मा आदि मौजूद रहीं।



सभी देशवासियों को
मुकद्दस रमज़ान
की दिली
मुबारकबाद
राशिद हुसैन
पूर्व जिलाध्यक्ष सपा

रागिब हुसैन उर्फ शहज़ादा
पूर्व जिला सचिव
समाजवादी पार्टी, बिजनौर
रागिब हुसैन उर्फ शहज़ादा
अट्ठाइसवां रोजा : बुधवार, 18 मार्च 2026
इफ्तार सुन्नी- 6:30, शिया 6:39
उन्तीसवां रोजा : गुरुवार, 19 मार्च 2026
खत्म सहरी : सुन्नी- 4:59, शिया-4:52


# संतों का आशीर्वाद जीवन की सबसे बड़ी पूंजी : डॉ. प्रेमचंद

**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** क्षेत्रीय विधायक डॉ. प्रेमचंद अग्रवाल ने जगतगुरु शंकराचार्य राज राजेश्वरानंद जी महाराज से भेंट कर संत परंपरा की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारतीय संस्कृति में संत-महापुरुषों का स्थान अत्यंत उच्च एवं प्रेरणादायी रहा है। भेंट के दौरान आध्यात्मिक, सामाजिक एवं समसामयिक विषयों पर विस्तार से चर्चा हुई। डॉ. अग्रवाल ने कहा कि संत महापुरुषों का सान्निध्य व्यक्ति को न केवल आध्यात्मिक ऊर्जा प्रदान करता है, बल्कि उसे जीवन के सही मार्ग पर चलने की प्रेरणा भी देता है। उन्होंने कहा कि आज के बदलते समय में संतों का मार्गदर्शन समाज को एकजुट रखने और नैतिक मूल्यों को सुदृढ़ करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। संतों का आशीर्वाद जीवन की सबसे बड़ी पूंजी है, जो व्यक्ति को हर परिस्थिति में धैर्य, संयम और सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। उन्होंने यह भी कहा कि ऐसे महान संतों के सान्निध्य से समाज और राष्ट्र सेवा के प्रति उनका संकल्प और अधिक दृढ़ हुआ है। उन्होंने आगे कहा कि संत समाज के मार्गदर्शन से समाज में समरसता, भाईचारा एवं सेवा की भावना को बल मिलता है। संतों के आशीर्वाद से ही समाज में सकारात्मक परिवर्तन संभव है और राष्ट्र निर्माण की दिशा में नई ऊर्जा का संचार होता है।



# भारतीय नववर्ष कैलेंडर का भव्य विमोचन



कैलेंडर का विमोचन करते हुए अतिथि।


विधायक अशोक राणा को सम्मानित करतु हुए।

**धामपुर ( चिंगारी )। शुभम मंडप में दमयंती देवी प्रेरणा संस्थान की ओर से चैत्र शुक्ल प्रतिपदा विक्रमी संवत 2083 भारतीय नववर्ष के अवसर पर वार्षिक पंचांग विमोचन कार्यक्रम का आयोजन किया गया।**

कार्यक्रम का शुभारंभ आचार्य पंडित दिनेश चंद्र भारद्वाज द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के क्षेत्र कार्यकारिणी सदस्य मनिराम जी, धामपुर के भाजपा विधायक अशोक कुमार राणा, एमएलसी जयपाल सिंह व्यस्त, विभाग कार्यवाहक मुकेश गुप्ता, सांध्य दैनिक चिंगारी के संपादक सूर्यमणि रघुवंशी, प्रदेश महामंत्री, भाजपा महिला मोर्चा प्रोफेसर रश्मि शर्मा रावल, वरिष्ठ पत्रकार दिनेश चंद्र अग्रवाल नवीन, अदिति राणा, पूर्व प्रधानाचार्य राजेंद्र सिंह, कुलदीप मुनि आदि द्वारा भगवान गणेश जी की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वल्लित कर किया गया। इसके पश्चात अतिथियों ने संयुक्त रूप से वार्षिक पंचांग का विमोचन किया।

कार्यक्रम मे विधायक अशोक राणा ने दमयंती देवी प्रेरणा संस्थान के संस्थापक डॉ. आदित्य अग्रवाल एवं डॉ. मोनिका अग्रवाल द्वारा किए जा रहे कार्यों को जनहितकारी बताया। उन्होंने वार्षिक पंचांग के नियमित विमोचन तथा अन्य कार्यों की सराहना की।

समारोह में सांध्य दैनिक चिंगारी के संपादक सूर्यमणि रघुवंशी सहित अपने-अपने क्षेत्रो में उत्कृष्ट कार्य करने वाले लगभग 45 विशिष्ट नागरिकों को दमयंती देवी प्रेरणा संस्थान के पदाधिकारियो व सदस्यो द्वारा स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। समारोह की अध्यक्षता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के क्षेत्र कार्यकारिणी सदस्य मनिराम ने की तथा संचालन दमयंती देवी प्रेरणा संस्थान के संस्थापक एवं समाजसेवी चिकित्सक डॉ. आदित्य अग्रवाल नें किया।

## सतमीत सिंह मनी के नामित सभासद बनने पर सिख सगंत ने किया जोरदार स्वागत

**धामपुर ( चिंगारी )।** नगर पालिका परिषद में नामित सभासद बनने के बाद सरदार सतमीत सिंह मनी का क्षेत्र में जोरदार स्वागत किया गया। इस अवसर पर पंजाबी कॉलोनी में आयोजित स्वागत कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों और गणमान्य व्यक्तियों ने पहुंचकर उन्हें बधाई दी। स्वागत समारोह में गुरमीत सिंह गांधी, गगनदीप सिंह चावला, त्रिलोचन सिंह चावला, गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा के प्रधान अमरजीत सिंह एडवोकेट, सचिव गुरुचरण सिंह चावला, सुरजीत सिंह ज्ञानी, हरभजन सिंह मिनिस्टर, सतपाल सिंह चावला, प्रीतम सिंह चावला, राजेश छाबड़ा, राघव शरण गोयल, गुरदीप सिंह रोमी सहित अनेक लोगों ने फूल-मालाओं से उनका अभिनंदन किया। लोगों ने आशा जतायी कि उनके नेतृत्व में क्षेत्र का विकास नई गति पकड़ेगा। इसके बाद सरदार सतमीत सिंह मनी ग्राम ठाटजट पहुंचे, जहां


सरदार सतमीत सिंह मनी का स्वागत करते हुए सिख संगत।

उन्होंने भाजपा विधायक अशोक राणा से मुलाकात कर उनका आशीर्वाद लिया। इस दौरान विधायक अशोक कुमार राणा, उनके सुपुत्र राणा प्रियंकर सिंह, भांजे उदित नारायण सिंह तथा भाई रोहित राणा सोनू ने सतमीत सिंह मनी का गर्मजोशी से स्वागत किया और मिठाई खिलाकर खुशी साझा की। इस मौके पर सतमीत सिंह मनी ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसे वे पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ निभाएंगे। उन्होंने क्षेत्र के विकास, जनसमस्याओं के समाधान और सभी वर्गों के हित में कार्य करने का संकल्प दोहराया।

## ब्राह्मण व प्रजापति समाज में रोष

**धामपुर ( चिंगारी )।** नगर पालिका परिषद बोर्ड के 2 वर्ष के शेष बचे हुए कार्यकाल के लिए प्रदेश शासन द्वारा नगर पालिका परिषद, धामपुर में भारतीय जनता पार्टी द्वारा एक महिला सहित पांच कार्यकर्ताओं को नामित किया गया है। इनमें प्रदेश शासन द्वारा जारी की गई सूची के अनुसार पूर्व सभासद प्रदीप कुमार उर्फ सोनू वाल्मीकि, संदीप सैनी, तनुज चौहान, सरदार सतमीत सिंह मनी और श्रीमती रतिका अग्रवाल को नामित सभासद मनोनीत किया गया है। इस लिस्ट के आने के बाद नगर के ब्राह्मण समाज में रोष व्याप्त है, क्योंकि नगर पालिका परिषद बोर्ड में ब्राह्मण समाज से कोई भी सभासद नहीं है। भाजपा कार्यकर्ता विनीत कौशिक का कहना है कि भारतीय जनता पार्टी ने हमेशा ब्राह्मण समाज का तिरस्कार किया है। संगठन और संस्थाओं के मनोनयन में समाज के खास वर्गों को ही महत्व दिया जा रहा है। उधर क्षेत्रपाल प्रजापति का कहना है कि प्रजापति समाज भाजपा का परंपरागत वोट बैंक है, इसके बावजूद नामित सभासदों की सूची में किसी भी प्रजापति समाज के व्यक्ति का नाम नहीं है।

ख़बर सबसे पहले
असर सबसे ज़्यादा
चिंगारी

## स्वयंसेवकों ने गांव में निकाली मतदाता जागरूकता रैली

### आरएसएम का रासेयो शिविर

**धामपुर ( चिंगारी )।** आर.एस.एम. कॉलेज, धामपुर की राष्ट्रीय सेवा योजना (छात्र इकाई) के शिविर के पंचम दिवस ग्राम सरकड़ा-चकराजमल में कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रवि धनकड़ के नेतृत्व में 'मतदाता का महत्व एवं लोकतंत्र में युवाओं की भूमिका' विषय पर जन जागरूकता रैली निकाली गई।

मतदाता जागरूकता पर पोस्टर प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का मूल्यांकन डॉ. विवेक यादव, डॉ. अनिल यादव एवं डॉ. धनीराम द्वारा किया गया। प्रतियोगिता में इंकलाब ग्रुप ने प्रथम, भगत सिंह ग्रुप ने द्वितीय तथा महाराणा प्रताप एवं आजाद ग्रुप ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया। मतदाता जागरूकता रैली में स्वयंसेवकों ऑन ने ग्रामीणों को मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए प्रेरणादायक नारे लगाये। इस अवसर पर डॉ. रामावतार सिंह ने स्वयंसेवकों को समय के सदुपयोग और शिक्षा के महत्व के बारे में बताया। आर एस एम कॉलेज के मतदाता जागरूकता नोडल अधिकारी डॉ. विवेक यादव ने कहा कि प्रत्येक नागरिक का मत लोकतंत्र की मजबूती का आधार है। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे स्वयं मतदान करें और अन्य लोगों को भी इसके लिए प्रेरित करें, ताकि एक सशक्त और जागरूक समाज का निर्माण हो सके। इस अवसर पर डॉ. विनय दुआ ने साइबर अपराधों के बढ़ते खतरे पर प्रकाश डालते हुए कहा कि डिजिटल युग में सतर्कता और जागरूकता अत्यंत आवश्यक है।

## सामूहिक रूप से हुआ 315 जोड़ों का विवाह

### 240 ने लिये फेरे, 75 का निकाह

**धामपुर ( चिंगारी )।** अल्हैपुर विकास खंड में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत भव्य समारोह का आयोजन स्योहारा मार्ग स्थित सियाराम बैंक्वेट हॉल में किया गया। कार्यक्रम में कुल 315 जोड़ों का विवाह संपन्न कराया गया, जिसमें 240 हिंदू कन्याओं का वैदिक रीति से विवाह और 75 मुस्लिम कन्याओं का निकाह कराया गया।

मुख्य अतिथि भाजपा विधायक अशोक कुमार राणा ने नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने नवदंपतियों को उपहार भी भेंट किए।


नवविवाहित जोड़े को आशीर्वाद देते हुए विधायक अशोक राणा।

विधायक ने बताया कि वर्तमान में सरकार सामूहिक विवाह योजना के तहत प्रति कन्या लगभग एक लाख रुपये खर्च कर रही है, जिसमें 60 हजार रुपये सीधे लाभार्थी के खाते में भेजे जाते हैं, 25 हजार रुपये तक के उपहार दिए जाते हैं तथा 15 हजार रुपये विवाह स्थल और भोजन व्यवस्था पर खर्च किए जाते हैं। इसके अतिरिक्त कन्या सुमंगला योजना के तहत भी बेटियों को आर्थिक सहायता दी जा रही है, जिससे उन्हें स्वावलंबी बनाया जा सके।

इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख क्षमा हेमलता चौहान, बीडीओ त्रिलोकचंद, जिला समाज कल्याण अधिकारी जागेश्वर सिंह, डीसी वीरेंद्र यादव, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि नीरज प्रताप सिंह, एडीओ समाज कल्याण सत्येंद्र कुमार गौतम, एडीओ पंचायत विवेक शर्मा, पंचायत सचिव हिमांशु चौहान सहित विभिन्न जनप्रतिनिधि, अधिकारी और बड़ी संख्या में वर-वधू पक्ष के परिजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन पंचायत सचिव हिमांशु चौहान ने किया।

# 'बूथ जीता, चुनाव जीता' के मूलमंत्र पर चुनाव की तैयारी में जुटें कार्यकर्ता-चुग

## आंदोलनकारियों के सपनों के अनुरूप राज्य का निर्माण कर रहे हैं धामी : गौतम



**देहरादून ( चिंगारी )।** भाजपा की महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक में राष्ट्रीय महामंत्री तरुण चुघ ने 'बूथ जीता, चुनाव जीता' के मूलमंत्र पर चुनाव की तैयारी का आह्वान किया। इस मौके पर प्रदेश प्रभारी एवं राष्ट्रीय महामंत्री दुष्यंत गौतम ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को 4 वर्ष पूरे करने वाले पार्टी के पहले सीएम बनने पर बधाई देते हुए कहा कि वह आंदोलनकारियों के सपनों के अनुरूप राज्य निर्माण कर रहे हैं।

देहरादून में कुआंवाला स्थित एक निजी संस्थान में हुई बैठक में राष्ट्रीय महामंत्री चुघ की मौजूदगी में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, प्रदेश प्रभारी एवं राष्ट्रीय महामंत्री दुष्यन्त गौतम, प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट समेत सांसद, विधायक, पूर्व विधायक, प्रदेश पदाधिकारी शामिल हुये। मुख्य वक्ता के रूप में अपने संबोधन में तरुण चुघ ने कहा कि देशभर की तरह प्रदेश में भी पार्टी का प्रशिक्षण अभियान जारी है जिसमें हमें सर्वाधिक जोर बूथ क्षमता मजबूत करने पर देना है।

इस अवसर पर बोलते हुए प्रदेश प्रभारी दुष्यन्त गौतम ने मुख्यमंत्री धामी के नेतृत्व में आपदा का भी समाधान निकालकर, राज्य आज विकसित भारत के मिशन में सर्वोपरि नामों में शुमार है। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि जनता भाजपा की राष्ट्रवादी सांस्कृतिक विचारधारा के साथ है। उन्हें केंद्र और राज्य की डबल इंजन सरकार के कामों पर पूरा भरोसा है। उन्होंने कहा, जो लोग आपतकाल लगाने के साथ अनेकों लोकतांत्रिक हत्या की घटनाओं के दोषी हैं, वहीं आज सभी संवैधानिक संस्थाओं और प्रक्रिया का विरोध कर रहे हैं। पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट ने अपने सम्बोधन में कहा कि लोकतंत्र में जनादेश का बड़ा महत्व होता है, जिसके लिए कार्यकर्ता निर्माण से लेकर चुनावी रणनीति बेहद अहम होती है।

इस अवसर पर प्रदेश महामंत्री अजेय कुमार ने संगठन की सभी गतिविधियों और कार्ययोजनाओं की बारीकी से समीक्षा ली। साथ ही उन्होंने बताया कि किस तरह से हमें सहयोगात्मक भूमिका में संवैधानिक प्रक्रियाओं में जनता की प्रतिभागिता को बढ़ाना है। उन्होंने सभी जिला अध्यक्षों से शीघ्र संगठनात्मक ढांचा सौ फीसदी गठन के निर्देश दिये।

# राज्यपाल के साथ हेमकुंड साहिब यात्रा की तैयारियों के सम्बंध में जानकारी साझा की

### 23 मई को खोले जायेंगे पवित्र कपाट



**ऋषिकेश (चिंगारी)।** राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह सेवानिवृत से लोक भवन में हेमकुंड साहिब मैनेजमेंट ट्रस्ट के अध्यक्ष नरेंद्रजीत सिंह बिंद्रा ने शिष्टाचार भेंट करके आगामी श्री हेमकुंड साहिब यात्रा की तैयारियों एवं कपाट उद्घाटन तिथि की जानकारी साझा की। उन्होंने अवगत कराया कि इस वर्ष श्री हेमकुंड साहिब गुरुद्वारे के पवित्र कपाट 23 मई, 2026 को श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ विधिवत रूप से खोल दिए जाएंगे। यात्रा का शुभारंभ 20 मई, 2026 को ऋषिकेश से 'पंज प्यारों' की अगुवाई में प्रथम जत्थे की रवानगी के साथ किया जाएगा।

राज्यपाल ने यात्रा की तैयारियों, व्यवस्थाओं तथा यात्रा मार्गों पर किये गये अवस्थापना विकास कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिये कि सभी संबंधित विभाग समन्वित रूप से कार्य करते हुए यह सुनिश्चित करें कि यात्रा श्रद्धालुओं के लिए सुरक्षित, सुगम एवं सुविधाजनक हो। राज्यपाल ने ट्रस्ट, शासन एवं स्थानीय प्रशासन के मध्य स्थापित प्रभावी समन्वय की सराहना करते हुए कहा कि इस पावन यात्रा के सफल संचालन हेतु सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समयबद्ध रूप से पूर्ण की जाएं, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। उन्होंने श्री हेमकुंड साहिब यात्रा की सफलता एवं देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं की सुखद, सुरक्षित एवं मंगलमय यात्रा की कामना भी की।

सभी क्षेत्रवासियों को **मुकद्दस रमज़ान** की **दिली मुबारकबाद**



**शहज़ाद अहमद**
**जिला महासचिव बिजनौर**
(आजाद समाज पार्टी कां.)
**पूर्व चेयरमैन,** झालू न.पा. (बिजनौर)
**सम्भावित प्रत्याशी** 22-विधानसभा, बिजनौर

अट्ठाइसवां रोजा : बुधवार, 18 मार्च 2026
इफ्तार सुन्नी- 6:30, शिया 6:39
उन्तीसवां रोजा : गुरुवार, 19 मार्च 2026
खत्म सहरी : सुन्नी- 4:59, शिया-4:52



शहजाद अहमद

# शॉपिंग काम्पलेक्स के प्रथम तल को सामुदायिक केन्द्र बनाने की मांग

### महापौर को दिया ज्ञापन

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** उत्तराखंड विकास समिति ने डिग्री कॉलेज रोड स्थित शॉपिंग कॉम्पलेक्स के प्रथम तल को जनहित में समुदायिक विकास केंद्र के तौर पर विकसित करने की मांग की है। कहा कि जनता के हित को देखते हुए इस ओर गंभीरता से ध्यान दिया जाना चाहिए। वहीं, समिति ने कोटद्वार शहर में सिटी बस संचालन की मांग भी उठाई। इस संबंध में समिति अध्यक्ष जानकीबल्लभ मैंदोला की ओर से महापौर शैलेंद्र सिंह रावत को सौंपे ज्ञापन में कहा गया है कि डिग्री कालेज रोड़ पर स्थित नगर निगम के शापिंग कांपलेक्स का प्रथम तल का वर्तमान में किसी भी कार्य के लिए प्रयोग नहीं किया जा रहा है। इसलिए प्रथम तल को सामुदायिक केंद्र के तौर पर उपयोग में लाया जा सकता है। वहीं, ज्ञापन में समिति ने शहर में सिटी बस संचालन की मांग भी उठाई है। कहा कि समिति लंबे समय से इस मांग को उठा रही है, लेकिन आश्वासन के बाद भी अब तक इस ओर ध्यान नहीं दिया गया।

# चैक बाउंस में चल रहे थे फ़रार, दो वारंटियों को किया गिरफ़्तार



**कोटद्वार ( चिंगारी )।** पुलिस ने चैक बाउंस के मामलों में फरार चल रहे 02 वारंटियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार आदित्य राठी, निवासी-नारसन जनपद हरिद्वार एवं दिनेश चन्द्र नोटियाल, निवासी-मोटाढाक, कोटद्वार के विरुद्ध चैक बाउंस संबंधी प्रकरण में न्यायालय सिविल जज (जू.डि.)/न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी कोटद्वार द्वारा कई बार समन जारी किए जाने के बावजूद भी उक्त दोनों आरोपी न्यायालय में उपस्थित नहीं हो रहे थे तथा वारंट जारी होने की जानकारी मिलने पर अभियुक्त फरार चल रहे थे। पुलिस टीम द्वारा कुशल पतारसी-सुरागरसी करते हुए उक्त दोनों आरोपितों आदित्य राठी को बीईएल रोड तथा दिनेश चन्द्र नौटियाल को सुभाष चौक कोटद्वार से गिरफ्तार किया गया। पुलिस टीम में उ.नि. शशिभूषण जोशी उ.नि. सयद्दुल बहार कांस्टेबल दीपक मेवाड मुकेश राकेश आजाद शामिल थे।

रामगंगा प्रकाशन बिजनौर के लिए प्रकाशक, मुद्रक **सूर्यमणि रघुवंशी** ने रघुवंशी प्रिंटर्स, स्वप्न लोक, नई बस्ती बिजनौर में मुद्रित कराकर स्वप्न लोक, नई बस्ती, बिजनौर से प्रकाशित किया।
संस्थापक-**स्व. बाबू सिंह चौहान।**
सम्पादक-**सूर्यमणि रघुवंशी।**
**आर. एन. आई. नं. 2417/57**
**डाक पंजीकरण संख्या- डी.एन./ यू.पी./ बी.जे.एन.-14/2025-27**
**E-Mail: dainikchingari@gmail.com**

# स्कूल चलो अभियान को सफल बनाने पर की गई चर्चा



**नजीबाबाद (चिंगारी)।** राज्य परियोजना कार्यालय के आदेश तथा बीसए तथा बीईओ के निर्देश पर ग्राम खैरुल्लापुर के प्राथमिक विद्यालय में कार्यशाला का आयोजन किया गया। पूर्व बीआरसी मोबीन हसन के मुख्य आतिथ्य तथा संकुल प्रभारी महेंद्र सिंह के संचालन में आयोजित कार्यशाला में आगामी अप्रैल माह में आयोजित होने वाले स्कूल चलो अभियान को सफल बनाते हुए शत प्रतिशत छात्र नामांकन कराने पर चर्चा की गई। विद्यालयों को निपुण बनाने, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने तथा शासन द्वारा बेसिक शिक्षा में चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी साझा की। कार्यशाला में विद्यालय की प्रधानाध्यापिका वंदना अग्रवाल तथा प्रिया वर्मा ने पूर्व अवधारणाएं पर टीएलएम के माध्यम से प्रस्तुतीकरण किया। कार्यशाला में मुकेश, संजीव, गजपलप श्वेता, अभिराम, नरेश, सुनील, निर्मल आदि ने प्रतिभाग किया।

# सनातन धर्म में प्रथम ग्रास ही गौ ग्रास है: अभिनव अग्रवाल



**नजीबाबाद (चिंगारी)।** अंतराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन के संस्थापक स्वर्गीय रामदास अग्रवाल की जन्म जयंती वैश्य एकता दिवस रूप में मनाते हुए गौ सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संगठन के जनपद बिजनौर के जिला अध्यक्ष अभिनव अग्रवाल एडवोकेट व युवा प्रदेश सचिव आदित्य अग्रवाल आदि ने नगर नजीबाबाद में स्थित गौशाला पहुंचकर गायों को नमन कर हरा चारा खिलाया। जिला अध्यक्ष अभिनव अग्रवाल एड. ने कहा की गाय माता की सेवा करने से तैंतीस कोटी देवी-देवताओं की सेवा का पुण्य प्राप्त होता है। उन्होंने बताया सनातन धर्म में प्रथम ग्रास ही गौ ग्रास है। युवा प्रदेश सचिव आदित्य अग्रवाल ने बताया कि स्वर्गीय रामदास अग्रवाल वैश्य समाज के अधिनायक रहे हैं। स्वर्गीय रामदास अग्रवाल अंतराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन के संस्थापक अध्यक्ष हैं। स्वर्गीय रामदास अग्रवाल ने संगठन की शाखा को भारत में अपितु विश्व के 10 देशों में भी स्थापित किया है।

# चोरी की बाइक के साथ शेरकोट का आरोपी गिरफ्तार



**मंडावली/नजीबाबाद (चिंगारी)।** मंडावली क्षेत्र के ग्राम सादुल्लापुर उर्फ हकीमपुर निवासी विपिन पुत्र बलवीर की 27 दिसम्बर को बाइक चोरी हो गई थी। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी थी। पुलिस की जांच में अमन पुत्र बाबूराम निवासी मौहल्ला समना सराय थाना शेरकोट का नाम प्रकाश में आया। मंडावली थाने के उपनिरीक्षक दयानंद कुमार ने कांस्टेबल धर्मेंद्र, गौरव आर्य, विजयपाल की पुलिस टीम के साथ मंगलवार को आरोपी को चोरी की मोटरसाइकिल टीवीएस स्टार स्पोर्ट्स सहित गिरफ्तार कर सम्बन्धित धाराओं में उसका चालान कर दिया।

## नवरात्रों में मांस की दुकानें बंद कराये जाने की मांग

**चांदपुर (चिंगारी)। पीपुल फॉर एनिमल्स के जिला यूनिट प्रमुख वीरेन्द्र राजपूत ने नवरात्रों को ध्यान में रखते हुए मांस की दुकानों व होटल बन्द कराये जाने की जिला प्रशासन से मांग की। जिलाधिकारी बिजनौर को प्रेषित पत्र में वीरेन्द्र राजपूत ने कहा है कि गुरुवार से सनातन धर्म के पावन पर्व नवरात्रे शुरू हो रहे हैं, जिसको देखते हुए जनपद बिजनौर की सभी मांस की दुकानें व होटल बन्द कराये जाए, ताकि हिन्दू समाज की भावनाएं आहत न हो सकें।**

# विधायक ने आंगनबाड़ियों को वितरित की प्री-स्कूल किट

**कासमपुर गढ़ी (चिंगारी)।** स्थानीय बस स्टैंड स्थित वि.खं. मुख्यालय परिसर के डबाकरा हाल में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि क्षेत्रीय भाजपा विधायक कुंवर सुशांत सिंह ने अफजलगढ़ ब्लॉक क्षेत्र की आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को प्री-स्कूल किट वितरित की। इस दौरान विधायक सुशांत सिंह ने प्रदेश व केंद्र सरकार की सराहना करते हुए कहा कि सरकार बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए गंभीर है। अपने संबोधन में जिला कार्यक्रम अधिकारी (डीपीओ) बिजनौर विमल चौबे ने बताया कि यह किट बाल विकास परियोजना के तहत बच्चों के लिए बेहतर शैक्षणिक माहौल बनाने और उन्हें खेलने-सीखने के तरीके से शिक्षित करने के लिए दी जा रही हैं। इस बाबत जानकारी देते हुए इंचार्ज सीडीपीओ अफजलगढ़ अनीता चौहान ने बताया कि इस योजना के तहत अफजलगढ़ ब्लॉक क्षेत्र में फिलहाल 109 सक्षम आंगनबाड़ी केंद्रों के लिए यह प्री-स्कूल किट आई हैं, जिसमें कुर्सी, मैज, फोम मेट, बोर्ड आदि सामान शामिल है। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख प्रदीप कुमार बबली व अन्य अतिथियों सहित अनेक आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां उपस्थित रहीं।



# वरिष्ठ भाजपा नेता कलवा शेख मंसूरी के नामित सभासद बनने से हर्ष

**नजीबाबाद (चिंगारी)।** नगर के मौहल्ला धर्मदास निवासी वरिष्ठ भाजपा नेता कलवा शेख मंसूरी को उत्तर प्रदेश सरकार ने नजीबाबाद नगरपालिका का नामित सदस्य मनोनीत किया है। कलवा शेख मंसूरी 47 साल से जनसंघ के समय से भाजपा में रहकर पार्टी संगठन की सेवा कर रहे हैं। वह 1982 में पार्टी के आंदोलन के दौरान जेल भी गए थे तथा तीन दिन जेल में रहे। श्री मंसूरी पार्टी के हर कार्यक्रम में भाग लेते हैं तथा भाजपा की नीतियों का प्रचार-प्रसार करते हैं। पार्टी के प्रति उनकी निष्ठा को देखते हुए उन्हें नगरपालिका का नामित सभासद मनोनीत किया गया है। कलवा शेख मंसूरी के भाजपा का नामित सभासद बनने पर भाजपा के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने उन्हें बधाई दी है। साथ ही उनके समर्थकों में इससे हर्ष व्याप्त है। कलवा शेख मंसूरी ने इसके लिए भाजपा के प्रदेश, जिला व नगर के भाजपा पदाधिकारियों का आभार व्यक्त किया है।





# नमन गुप्ता नगर पालिका परिषद के नामित सभासद नियुक्त

**नजीबाबाद (चिंगारी)।** भारतीय जनता पार्टी के नगर निवासी युवा नेता नमन गुप्ता को सरकार ने नगर पालिका परिषद नजीबाबाद का नामित सभासद नियुक्त किया है। इस पर नमन गुप्ता के समर्थकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी। नमन गुप्ता ने इसके लिए भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पार्टी ने उन्हें जो भी जिम्मेदारी दी है, इसका वह पूरी ईमानदारी के साथ निर्वहन करेंगे। इसी के साथ भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल के महामंत्री अभिषेक यादव को भी नामित सभासद बनाया गया है।

# वृद्धा को झांसे में लेकर सोने के कुंडल, अंगूठी व नकदी ठगी

**नजीबाबाद (चिंगारी)।** एक वृद्ध महिला ने दो लोगों पर ठगी करने का आरोप लगाते हुए महिला ने हैल्प लाइन नम्बर पर शिकायत दर्ज कराकर पुलिस से कार्रवाई की मांग की। नजीबाबाद के आदर्श नगर निवासी वृद्ध महिला उर्मिला चौहान पत्नी स्व. रामकुमार का आरोप है कि मंगलवार को वह रमेश नगर कालोनी निवासी अपनी मित्र के घर से वापस अपने घर लौट रही थी। दोपहर लगभग दो बजे जैसे ही वह मोटा आम चौराहे पर पहुंची अचानक उसे दो लोगों ने झांसे में लेकर ठगी का शिकार बना लिया। वृद्ध महिला से कान के सोने के कुंडल, अंगूठी व एक हजार रुपये लेकर फरार हो गये। पीड़ित महिला ने पुलिस से कार्रवाई की मांग की।

# झालू में तीन सभासद नामित समर्थकों में खुशी की लहर







**झालू (चिंगारी)।** शासन द्वारा नगर पंचायतों के नामित सभासदों की सूची जारी कर दी गई है। इस सूची में नगर पंचायत झालू से एक महिला सहित कुल तीन सभासदों को नामित किया गया है। नामित सभासदों में संजय वर्मा पुत्र मदनलाल निवासी मोहल्ला महाजनान, हरस्वरूप पुत्र अमीरा सिंह निवासी मोहल्ला अमरुवाला तथा श्रीमती कांता चौधरी पत्नी अनंत चौधरी (अध्यक्ष हृदयानंद सार्वजनिक इंटर कॉलेज) निवासी बड़ा महल, कस्बा झालू शामिल हैं। सूची जारी होने के बाद नामित सभासदों एवं उनके समर्थकों में खुशी का माहौल है। समर्थकों ने एक-दूसरे को बधाई देते हुए प्रसन्नता जताई है।



## राशिफल


विमल जैन

हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न-परामर्शदाता
फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्


**गुरुवार, 19 मार्च 2026**

मेष- व्यापार में धन निवेश, परोपकार में रुचि, परिवार में सुख शांति, मनोबल में वृद्धि, दाम्पत्य जीवन सुखी, किसी आयोजन में सम्मिलित होने का सुअवसर।

वृषभ- साहसिक प्रयास प्रगति पर, मित्रों से अपेक्षित सहयोग, प्रतियोगिता के क्षेत्र में महत्वपूर्ण उपलब्धि, मान-सम्मानपरक कृत्य सम्पन्न, अध्यावसाय की ओर रुचि।

मिथुन- योजना अपूर्ण, पुरुषार्थ के प्रति अरुचि, शारीरिक कष्ट, आय की तुलना में व्यय अधिक, पारिवारिक सम्बन्धों में वैमनस्यता, सुपरिचितों से वाद-विवाद की आशंका।

कर्क- दिन बेहतर, दूसरों के आश्वासनों से मानसिक राहत, आपसी सम्बन्धों में प्रगाढ़ता, उच्चाधिकारियों से सम्पर्क, सुसंदेश की प्राप्ति, भौतिक सुख के साधन सुलभ।

सिंह- ग्रहयोग बेहतर, आत्मसंयम से कार्यसिद्धि, पारिवारिक समस्याओं का समाधान, आत्मीयजनों से मधुरता, बकाए धन की प्राप्ति, व्यक्तिगत जीवन में सुखशांति।

कन्या- विचाराधीन योजना को मूर्तरूप में परिणित, यश-मान प्रतिष्ठापरक कृत्य सम्पन्न, आशानुकूल घटनाएं घटित, वैमनस्यता का समापन, दर्शनीय स्थलों की यात्रा।

तुला- स्वास्थ्य में शिथिलता, व्यावसायिक उन्नति में बाधा, आत्मविश्वास में कमी का एहसास, प्रगति में अवरोध, व्यवहार में लापरवाही हानिकारक, विरोधी प्रभावी।

वृश्चिक- शुभ भावनाओं का उदय, आर्थिक-व्यापारिक प्रगति का मार्ग प्रशस्त, राजनीतिक कृत्यों में अभिरुचि, विवाद के समापन में मित्र सहायक, प्रेम सम्बन्धों में प्रगाढ़ता।

धनु- अभीष्ट कार्यों में सिद्धि, मनो-विनोद के सुअवसर प्राप्त, जटिल समस्याओं का समाधान, राजनैतिक गतिविधियों की ओर रुझान, श्रेष्ठजनों की सलाह मान्य।

मकर- शुभ भावनाओं का उदय, आर्थिक व्यावसायिक पक्ष में परिश्रम के अनुरूप सफलता, मनोबल में वृद्धि, दूर-समीप की यात्रा का प्रसंग, सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि।

कुम्भ- समय भाग्य के विपरीत, आहार-विहार में अनियमितता, स्वास्थ्य में बाधा, सुपरि-चितों से धोखे की आशंका, प्रतियोगिता में असफलता, प्रेम सम्बन्धों में तनाव।

मीन- परिस्थितियों में क्रमिक सुधार, कठिनाइयों में कमी, उच्चाधिकारियों से सम्पर्क, विवाद का समापन, जीवन साथी से सामंजस्य, आवागमन में अनुकूलता।


एस. 2/1-76 ए, द्वितीय तल,
वरदान भवन, टैगोर टाउन एक्सटेंशन
भोजूबीर, वाराणसी-221002,
मो. : 09335414722


# नगीना के तीन कार्यकर्ताओं को मिला स्थान

# अनूप बाल्मीकि ने किया सबका सम्मान

**नगीना ( चिंगारी )।** भारतीय जनता पार्टी हाई कमान ने काफी लंबे इंतजार के बाद पार्टी की बिजनौर जिला कार्यकारिणी की घोषणा कर दी। जिला कार्यकारिणी में नगीना से पार्टी के तीन नेताओं को स्थान मिलने पर कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर दौड़ गई। जिला अध्यक्ष भूपेंद्र चौहान द्वारा जारी जिला कार्यकारिणी की लिस्ट में नगीना से पार्टी के पूर्व नगर अध्यक्ष रहे नीरज बिश्नोई व पूर्व ब्लॉक प्रमुख चौधरी फूल सिंह को जिला उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई। जबकि पार्टी में जिला उपाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी निभा चुके वरिष्ठ नेता अजीत अग्रवाल को जिला कार्यकारिणी में सदस्य पद दिया गया है।

सरकार बनने के चार साल बीत जाने के बाद चुनावी वर्ष में प्रदेश सरकार ने नगर पालिकाओं में नामित सदस्यों की घोषणा भी कर दी है। नगीना नगर पालिका के लिए जिन पार्टी के पांच नेताओं को नामित सदस्य बनाया गया है उनमें पार्टी के पूर्व में नगर अध्यक्ष रहे दो नेताओं को भी सम्मान से नवाजा गया है। पूर्व नगर अध्यक्ष नीरज बिश्नोई, पूर्व नगर अध्यक्ष लाला विनोद कुमार अग्रवाल के अलावा डॉक्टर भूपेश चौहान, सोहन सैनी व मनोज टंडन को नामित सदस्य मनोनीत किए जाने की घोषणा की गई है। पार्टी संगठन में नगीना के जिन कार्यकर्ताओं को जिले में नई जिम्मेदारियां मिली हैं व सरकार द्वारा



भाजपा के क्षेत्रीय मंत्री अनूप बाल्मीकि व पार्टी के नवमनोनीत नामित सदस्यों व कार्यकर्ताओं का स्वागत करते पार्टी कार्यकर्ता।

## नगर पालिका में पांच सदस्य भी नामित

घोषित नगीना में नामित सदस्यों के नामों के चयन में पार्टी के वरिष्ठ नेता व क्षेत्रीय मंत्री अनूप बाल्मीकि की भूमिका महत्वपूर्ण मानी जा रही है। क्षेत्रीय मंत्री अनूप बाल्मीकि के बैंकेट हॉल में आयोजित कार्यक्रम में नई जिम्मेदारी पाने वाले कार्यकर्ताओं का स्वागत किया गया। सभी कार्यकर्ताओं ने क्षेत्रीय मंत्री अनूप बाल्मीकि का भी सम्मान करते हुए उनका आभार प्रकट किया। इस मौके पर पूर्व विधायक सतीश गौतम, पूर्व चेयरमैन प्रभातचंद्र गुप्ता, विहिप नेता प्रदीप गर्ग, विकास गुप्ता विक्की, भाजपा के नगर महामंत्री पंडित सचिन शर्मा, अब्दुल कय्यूम राईन, यशपाल सैनी, कुंवर कृष्ण बलदेव सिंह, महेंद्र सिंह सैनी, प्रहलाद कुशवाह, मास्टर अशोक अग्रवाल, मोहित गोयल आदि मौजूद रहे।

# बीएलओ तीन दिन के अंदर पूरा करें एसआईआर का कार्यः एआरओ



## अच्छा कार्य करने वाले बीएलओ सम्मानित होंगे

**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** नगर के लोक निर्माण विभाग के डाक बंगले पर सोमवार को दोपहर क्षेत्र के बीएलओ की एक मीटिंग का आयोजन किया गया। मीटिंग में एआरओ फिरोज दोश व सहायक एआरओ नवाब अली ने बूथ संख्या 105 से बूथ संख्या 736 तक एसआईआर का कार्य करने वाले बीएलओ से एसआईआर कार्य के बारे में पूरी जानकारी लेने के बाद सभी बीएलओ को तीन दिन के अंदर एसआईआर का कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिये। एआरओ ने बताया कि एसआईआर में अच्छा कार्य करने वाले बीएलओ को डीएम से सम्मानित कराया जाएगा। इसके लिए अच्छा कार्य करने वाले बीएलओ का उनके कार्य के आधार पर चयन किया जा रहा है। मीटिंग में बीएलओ शमीम राव, हिना कौसर, ममता कश्यप, रीता रानी, सुनीता कश्यप, ममता शर्मा, रूपेश खन्ना, महीपाल सिंह, शाहीन अख्तर आदि मौजूद रहे।

# शिक्षिका की मेहनत लाई रंग, दो बच्चों का हुआ नवोदय में सलेक्शन

## तनु व राधिका का नवोदय प्रवेश परीक्षा पास करने से तिमरपुर में खुशी का माहौल

**बिजनौर ( चिंगारी )।** प्राथमिक विद्यालय तिमरपुर की शिक्षिका अंजू डी सिंह की मेहनत रंग लाई है। स्कूल की छात्रा तनु व राधिका ने जवाहर नवोदय विद्यालय की प्रवेश परीक्षा पास कर ली है। छात्राओं की उपलब्धि से स्कूल में खुशी का माहौल है। पिछले वर्ष भी इस स्कूल से एक छात्र ने नवोदय विद्यालय की प्रवेश परीक्षा पास की थी। खंड शिक्षा अधिकारी डॉ. प्रभात कुमार ने बच्चों को नवोदय विद्यालय की तैयारी कराने वाली शिक्षिका व बच्चों को बधाई दी है।

प्राथमिक विद्यालय तिमरपुर की प्रधानाध्यापिका श्रीमती मीनू सिंह ने बताया कि विद्यालय की दो बालिकाओं तनु व राधिका ने नवोदय विद्यालय की प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण कर ली है। शिक्षिका अंजू डी सिंह के निर्देशन में स्कूली बच्चे नवोदय विद्यालय की तैयारी करने में जुटे थे। शिक्षिका व बच्चों की मेहनत रंग लाई। स्कूल की शिक्षिका अनीता रानी, मनोरमा रानी, रचना कश्यप, धर्मावती, रूचिन, रश्मि आदि ने बच्चों व शिक्षिका अंजू डी सिंह की मेहनत को सराहा है। उत्तर प्रदेश से प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेंद्र कुमार, ब्लॉक अध्यक्ष अरविंद चौधरी, मंत्री धर्म सिंह नवोदय विद्यालय की प्रवेश परीक्षा में चयनित सभी बच्चों को बधाई दी है।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत

**नहटौर ( चिंगारी )।** अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक बाइक सवार युवक की मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

मंगलवार की देर रात्रि को धामपुर क्षेत्र के ग्राम ऊमरी खदाना निवासी राहुल ( 30 वर्ष ) पुत्र हरज्ञान बाइक द्वारा अपने घर जा रहा था। नहटौर-नूरपुर रोड स्थित ग्राम दबथला के पास अज्ञात वाहन की चपेट में आने से राहुल गंभीर घायल हो गया, जिसे सीएचसी लाया गया, जहां पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया।

# फूहड़ फिल्में युवा पीढ़ी को दिग्भ्रमित करने के लिये सर्वाधिक जिम्मेदार

## नवसंवत्सर पर लें बच्चों को संस्कारवान बनाने का संकल्प

-विपिन भारद्वाज, बिजनौर
मो. 9927500730

कंकड़ (पत्थर) को शंकर मानकर पूजने वाले, जीवनदायिनी नदियों व वृक्षों में देवों का वास मानकर पूजने वाले, पिता के वचनों के सम्मान के लिये 14 वर्ष का वनवास व भ्रातृप्रेम का संदेश देने वाले इस महान संस्कृति वाले देश में आज यह क्या हो रहा है, जो कि खून के रिश्ते बेमानी व खून पानी बनकर रह गया है। छोटी-छोटी बातों पर बेटा बाप का सीना छलनी कर रहा है, तो पत्नी प्रेमी के साथ मिलकर पति के टुकड़े-टुकड़े कर उसे नीले ड्रम में भर देती है। औलाद अपने बूढ़े-मां-बाप को अकेला छोड़ उन्हें बनवास दे रही है। इन सबके पीछे युवा पीढ़ी का अपने देश की गौरवमयी संस्कृति, नैतिकता व आध्यात्मिकता से भटकाव है और जिसके पीछे सबसे बड़ा कारण मैं बॉलीवुड फिल्मों को मानता हूं, जिनमें आजकल अश्लीलता, हिंसा व फूहड़ता बढ़-चढ़ कर परोसी जा रही है। हाल ही में प्रदर्शित एक चर्चित फिल्म में एक एक्टर द्वारा चाकू से किसी मुर्गे की तरह गर्दन को धीरे-धीरे काटते हुए दिखाना और अतरंग दृश्यों से भरमार इस फिल्म का सुपरहिट हो जाना समझ से परे है। ऐसे ही अपने नाम के अनुरूप एनिमल फिल्म में शराब से भरे गिलास को सिर पर रख कर नाचते हुए गूंगे एक्टर में पता नहीं लोगों को क्या नजर आया। पुष्पा जैसी फिल्में भी लोगों द्वारा पता नहीं क्यों पसंद की जा रही हैं। सेंसर बोर्ड भी पता नहीं कैसे फिल्मों के इन घटिया दृश्यों को अपनी स्वीकृति दे देता है। गालियों का भंडारण लिये ओटीटी भी खुलेआम घरों में घुसकर समाज में गंदगी फैला रहा है। मेरी समझ में फिल्म में कोई सार्थक संदेश अवश्य ही होना चाहिए, लेकिन ज्यादातर फिल्मों में हिंसा व सैक्स ही आज की पीढ़ी को परोसकर उन्हें भटकाया जा रहा है।

ऐसा नहीं है कि पारिवारिक, साफ-सुथरी, सार्थक फिल्में या गाने हिट नहीं होते, तो फिर क्यों



आज की पीढ़ी को उग्र बनाने का प्रयास किया जा रहा है। हालांकि युवा पीढ़ी में देश की संस्कृति का पूरी तरह हनन नहीं हुआ है, वह आज भी मार्ग में पड़ने वाले धार्मिक स्थलों के आगे अपना शीश झुकाये आगे नहीं बढ़ता है, वह आज भी शराब की दुकानों पर जाने में हिचकता है। वह आज भी शादी के पश्चात भी मेडिकल स्टोर से नैपकिन व अन्य कुछ खरीदने में संकोच करता है। होली पर अन्य भौंडे गीतों की अपेक्षा जोगी जी-गाना भी वह खूब पसंद करता है। क्रिकेट टीम के युवा भी चंद्रग्रहण की अवधि पश्चात ही मैदान पर उतरते हैं और विजयश्री के आशीर्वाद के लिये मंदिर में जाते हुए आप सबने देखा होगा। युवा पीढ़ी को बस अपने बड़ों का आशीर्वाद, स्नेह व सही मार्गदर्शन की आवश्यकता है। मां-बाप जितना जोर पैसा कमाने में लगाते हैं, उन्हें उतना जोर अपने बच्चों को संस्कारवान बनाने में लगाना चाहिए। एक पुरानी कहावत भी है पूत कपूत तो काहे धन संचय पूत सपूत तो काहे धन संचय।

घर के बुजुर्गों की ऐसे में महत्ती भूमिका हो जाती है। जरूरी न हो तो उम्र के इस अंतिम पड़ाव को धनोपार्जन में नहीं, बच्चों को संस्कारवान बनाने में व्यतीत करें। बच्चों के साथ घर में समय व्यतीत करना होम सिकनैस बिल्कुल नहीं है। बल्कि उनकी गतिविधियों पर नजर रखना व उनके साथ टाइम स्पेन्ड करना अति

**इस दिन पेड़ों से पुराने पत्ते गिरने लगते हैं और तेज चटकदार हरी व पिंक पत्तियां निकलकर प्रकृति अपना नव श्रृंगार प्रारंभ करती है। लाल, पीले, सफेद गुलाबी फूल खिलने लगते हैं। इस प्रकार प्रकृति अपने बर्थ-डे को बड़े हर्षोल्लास के साथ सेलेब्रेट करती है। अतः नया साल पूर्ण प्राकृतिक शक्ति से भरा होता है।**

आवश्यक है। ऐसा भी नहीं है कि बच्चों में जिद्दी व अड़ियलपन व भटकाव एकदम हो जाता है। बच्चे बड़े नकलची होते हैं, माँ-बाप की कार्यशैली व व्यवहार का प्रभाव उनके मन-मस्तिष्क में सीधा व गहरा पड़ता है। अतः बच्चों के साथ दिल से जुड़ें दिल में दिमाग रखकर नहीं। बच्चों की अच्छी संगत के साथ-मां-बाप को भी अपनी संगत अच्छी रखनी चाहिए। कुछ क्षण के लिये टीवी व मोबाइल ऑफ करके बच्चों को अपनी गौरवमयी भारतीय संस्कृति, धर्म व वीर योद्धाओं के संस्मरण अवश्य साझा करें। प्रत्येक पर्व, कम से कम प्रत्येक मंगलवार को बच्चों के साथ मंदिर अवश्य जायें। फिर देखते हैं कि युवा पीढ़ी में नकारात्मक भाव कैसे आते हैं।

आज भारतीय संस्कृति का महापर्व-नवसम्वत्सर है जो हमें नई आशाओं, ऊर्जा व नैतिकता मूल्यों के साथ हमें याद दिलाता है कि समय अवश्य बदलता है, लेकिन हमारे संस्कार, मर्यादा और नैतिकता ही समाज की असली शक्ति है। आज का दिन मात्र कैलेण्डर बदलने का नहीं, बल्कि अपने जीवन में संस्कारों, विचारों व आचरण को बेहतर बनाकर समाज में प्रेम भाईचारे को बढ़ावा देकर देश की उन्नति में योगदान देने के संकल्प का है। यह मात्र तिथि परिवर्तन नहीं बल्कि हमारी सांस्कृतिक धरोहर का अभिन्न हिस्सा है।

## नवसम्वत्सर का महत्व

इसी दिन के सूर्योदय से ब्रह्माजी ने सृष्टि की रचना प्रारंभ की।

सम्राट विक्रमादित्य ने इसी दिन राज्य स्थापित किया। इन्हीं के नाम से विक्रम संवत का पहला दिन प्रारंभ होता है।

प्रभु श्रीराम का राज्यभिषेक।

शक्ति और भक्ति के नौ दिन अर्थात नवरात्र का प्रारंभ

धर्मराज युधिष्ठिर का राज्यभिषेक।

आर्य समाज की स्थापना।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संस्थापक केशवराव बलिराम हेडगेवार जी का जन्मदिन

### नवसवंत्सर का स्वागत ऐसे करें-




**छत पर नया ध्वज फहरायें।**

**घर में रंगोली सजायें।**

**मुख्य द्वार पर वंदनवार लगायें।**

**सूर्योदय से पूर्व नहा धोकर नये वस्त्र धारण करें।**

**माथे पर तिलक लगाकर उगते सूरज को अर्घ्य दें और मंदिरों में जाकर अपने ईष्ट देवता की पूजा करें व महाआरती में शामिल हों।**

**घरों में शंख ध्वनि करें और अपने से बड़ों को चरण स्पर्श करें।**

**शाम को दीपदान करें और परिवार सहित पूजा करें।**

**दिन के भोजन में हलवा, पूरी, खीर बनाकर भगवान को भोग लगायें और गौ-ग्रास खिलायें।**

**सगे सम्बधियों व ईष्ट मित्रों को नववर्ष की बधाई संदेशो का आदान-प्रदान करें। कुल मिलाकर भारतीय नववर्ष का स्वागत पूरे हर्ष व उत्साह के साथ स्वयं करें और दूसरों को भी प्रेरित करें।**

### इस वर्ष रौद्र सम्वत्सर-

हिंदू कैलेण्डर के अनुसार इस वर्ष विक्रमी संवत 2083 में हिंदी माह 12 के स्थान पर 13 माह के होंगे। ज्येष्ठ मास 2 माह अर्थात 60 दिन का होगा, जिसे अधिक मास व पुरुषोत्तम मास कहा जाता है और ज्योतिषीय गणनाओं के अनुसार इस को रौद्र नवसम्वत्सर कहा जा रहा है। वर्ष जो कि इसके नाम के अनुरूप ही स्वभाव में थोड़ा उग्र और तेज रहने वाला है। शास्त्रों के अनुसार रौद्र संवत्सर में बारिश कम होने से अनाज के दाम बढ़ेंगे, आग लगने की घटनायें होंगी। आपदायें आएंगी। राजनीतिक उथल-पुथल रहेगी, देशों के बीच हिंसा, विरोध, तनाव बढ़ेगा। पश्चिमी एशिया में इन दिनों युद्ध चल ही रहा है।

# मुख्यमंत्री युवा योजना' से बदली तकदीर

## लखनऊ की खुशी बनीं महिला उद्यमिता की नई पहचान

### ब्याज एवं गारंटी मुक्त ऋण से युवाओं को मिल रहा स्वरोजगार का अवसर


**लखनऊ ( चिंगारी )।** मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के माध्यम से योगी सरकार ब्याज मुक्त और गारंटी मुक्त ऋण प्रदान कर युवाओं के स्वरोजगार के सपनों को नए पंख देने का काम कर रही है। इसी योजना का लाभ लेकर योगी सरकार के 'आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश' के संकल्प को लखनऊ की रहने वाली खुशी गुप्ता ने धरातल पर उतारकर उद्यमी बनने का सपना साकार किया है। उन्होंने न सिर्फ ब्यूटी बिजनेस में अपनी अलग पहचान बनाई, बल्कि वे अन्य महिलाओं के लिए भी प्रेरणास्त्रोत बन चुकीं हैं। खुशी गुप्ता ने बताया कि वे लखनऊ में बीए एलएलबी की पढ़ाई कर रहीं हैं। उनकी मेकअप और ब्यूटी पार्लर में रुचि है। इसके लिए उन्होंने प्रोफेशनल कोर्स भी किया। उनको मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना के बारे में जानकारी मिली। जिसके बाद उन्होंने बैंक जाकर योजना की जानकारी ली और एक हफ्ते का उद्यमिता प्रशिक्षण भी लिया। इस योजना के तहत उनको 4.5 लाख रुपए का ऋण प्राप्त हुआ। यह पूरी तरह ब्याज मुक्त और गारंटी मुक्त था। मुख्यमंत्री युवा योजना के तहत मिली वित्तीय सहायता से उन्होंने से सैलून का इंटीरियर और वेंडर्स का भुगतान किया। लखनऊ के खुर्रम नगर इलाके में 2025 में 'ग्लैम हाउस' के नाम से यूनिसेक्स सैलून, स्टूडियो और एकेडमी की शुरुआत की। खुशी आज न सिर्फ हर महीने लाखों रुपए कमा रहीं है, बल्कि अन्य महिलाओं को भी रोजगार दे रहीं हैं। योगी सरकार मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के तहत प्रदेश के 21 से 40 वर्ष तक के युवाओं को व्यापार जगत में मुख्यधारा से जोड़ रही है। योजना के तहत ब्याज मुक्त और गारंटी मुक्त 5 लाख रुपए तक का ऋण उपलब्ध करवाती है। आज खुशी जैसी प्रदेश की हजारों महिलाएं सूक्ष्म एवं लघु उद्योगों के माध्यम से उत्तर प्रदेश की जीडीपी में अपना योगदान दे रहीं हैं। खुशी की कहानी उन सभी महिलाओं के लिए प्रेरणा है, जो अपनी पहचान बनाना चाहती हैं।


बिजनौर जनपद में
एक मात्र CEAT TYRE STOP
कोई भी रोड, कोई भी लोड
ट्रैक्टर, कार, मोटर साईकिल, स्कूटर
लेटेस्ट मशीन द्वारा एक्यूरेसी
कार के लिये अलाईनमेन्ट, बैलेंसिंग
टायर फिटिंग एवं नाइट्रोजन



ON-THE-SPOT CLAIM RESOLUTION
UNCONDITIONAL WARRANTY *
COMPUTERISED TYRE SERVICE
Authorised Dealer : CEAT Ltd.
*नियम व शर्तें लागू
KHANNA MOTORS & DIESEL ENGINEERING WORKS
नगीना रोड, ऐश्वर्य होटल के सामने जी.के. मार्केट, बिजनौर
मो. 9149075426, 9760110452 फोन. 01342-263312
किराये हेतु एक हॉल लगभग 1600 वर्ग फीट
निकट इंडियन बैंक किरतपुर रोड, बिजनौर
800 वर्ग फीट का एक हॉल नगीना रोड, बिजनौर





खुल गया! खुल गया!
श्री लाइट



सजावटी फैंसी लाइटें, लक्जरी झूमर, फैंसी वॉल लाइट्स, कोव लाइट, लाइट्स, लैम्प आदि की बेशुमार वैरायटियां उपलब्ध हैं।





पंखे ही पंखे कूलर ही कूलर
बढ़िया क्वालिटी बेहतरीन रेट
Fybros Fans,
Havells Fans
Orient Fans




सिंघल इलेक्ट्रीक एजेन्सीज
नई बस्ती, निकट गुरुद्वारा, बिजनौर
मो. 9897024836, 8800092476






पं. उ.प्र. में सर्वप्रथम विराजित



सांवलिया सेठ
( श्याम बाबा ) के
दर्शन करें।
प्राचीन शिव मंदिर
अग्रवाल धर्मशाला
रम्मू का चौराहा, बिजनौर
मो. 9927652453



Kajaria
TRANSFORM YOUR WORLD
Kajaria Exculsive Showroom
बिल्डर्स व थोक खरीदारों को विशेष छूट
Tiles & Sanitaryware का Exclusive Showroom



DR. FIXIT
WATERPROOFING EXPERT
ORIZONE
Nanotechnology Based
SEELAN BLOCK
सीलन ब्लॉक
₹8/- PER SQ. FT
सभी प्रकार की सीलन से सुरक्षा



TILE O GRIP
BONDING CHEMISTRY
8445517265
8791919960
सेंट जौसफ स्कूल के सामने तीमरपुर, रावली रोड, बिजनौर



आवश्यकता है
हल्दौर में एक प्रतिष्ठित फर्म के लिए कुशल हेल्पर और कंप्यूटर ऑपरेटर की आवश्यकता है।
योग्य व्यक्ति तुरंत संपर्क करें।
मो- 8191819148



भारत की दो बहादुर बेटियाँ "विंग कमांडर व्योमिका सिंह" और "कर्नल सोफिया कुरैशी"
के सम्मान में बिजनौर पब्लिक स्कूल जुलाई 2025 से
बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने हेतु पेश करता है अपनी योजना



"सिंदूरी"
योजना की प्रमुख विशेषताऐं:-
★ यह योजना कक्षा- 2 तक की सभी छात्राओं के लिए उपलब्ध होगी।
★ विद्यालय कक्षा- 2 तक की सभी छात्रोओं को मासिक ट्यूशन फीस में 10 प्रतिशत छूट देगा।
★ लड़कियों के लिए निःशुल्क आत्मरक्षा प्रशिक्षण।
★ नर्सरी से यू.के.जी. की छात्रों को मुफ्त पुस्तके एवं कॉपियाँ दी जाएगी।
हमारी विशेषताऐं:-
1. उच्च योग्य और अनुभवी शिक्षकों द्वारा परिणामोन्मुखी शिक्षण।
2. स्मार्ट कक्षाऐं जो छात्रों के लिए सीखने का आनन्ददायक अनुभव है।
3. सभी विषयों की पूर्ण सुसज्जित प्रयोगशालाऐं उपलब्ध।
4. सभी मार्गों के लिए बस सुविधा उपलब्ध।
5. सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए खूबसूरत वातानुकूलित आडिटोरियम।
6. बड़े खेल मैदान में सभी खेलों की सुविधा।
हमारे अचीवर्स




BIJNOR PUBLIC SCHOOL
A Co-educational Senior Secondary School.
Najibabad Road, Bijnor (U.P.) 246701 9837205062, 8006677928